हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 23 सितंबर 2026



17 दुकानें हुई थीं खाक, मालिक को 6 करोड़ का चूना

हादसा नहीं थी 9 सितंबर को भड़की विनाशकारी आग

10 हजार की सैलरी का बदला, फूंका सूरत में 24 करोड़ का कपड़ा मार्केट

एजेंसी ▶▶| सूरत

गुजरात के सूरत के सरोली स्थित श्याम संगिनी टेक्सटाइल मार्केट में 9 सितंबर को भड़की विनाशकारी आग कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि बदले की आग में रची गई खौफनाक साजिश थी। 24 करोड़ रुपये के माल को राख कर देने वाले इस अग्निकांड की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने सोमवार को एक पूर्व मुनीम को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम विनोद सावले (33) है, जो महाराष्ट्र के धुले का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में उसने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कबूल किया कि बकाया वेतन के महज 10 हजार रुपये न मिलने और बार-बार होने वाले अपमान का बदला लेने के लिए उसने पूरे मार्केट को आग के हवाले कर दिया।



कुछ 24 करोड़ का कपड़ा जलकर खाक

आरोपी विनोद अप्रैल 2026 से कपड़ा व्यापारी हनुमान प्रसाद जावर की दुकान पर 30 हजार रुपये महीने पर मुनीम की नौकरी कर रहा था। नौकरी छोड़ने के बाद उसका 10 हजार रुपये का हिसाब अटका हुआ था। अपने मालिक को 'सबक सिखाने' की सनक में उसने दुकान में पेट्रोल या केमिकल डालकर आग लगा दी। यह आग इतनी तेजी से फैली कि इसने चार बड़े कपड़ा व्यापारियों की 17 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। अकेले जावर को करीब 6 करोड़ रुपये का सीधा नुकसान हुआ है, जबकि कुल 24 करोड़ का कीमती कपड़ा जलकर खाक हो गया।

अपमान का बदला लेने के लिए फूंका पूरा बाजार

सैलरी विवाद और आत्मसम्मान की लड़ाई ने आरोपी को एक बड़े अपराध की तरफ धकेल दिया। मुनीम का आरोप है कि काम के दौरान उसका लगातार अपमान किया जाता था और बची हुई सैलरी देने में टालमटोल की जा रही थी। गुस्से में आकर उसने जो आग लगाई, उसने आसपास की 17 दुकानों में रखे स्टॉक और पूरे ढांचे को जलाकर खाक कर दिया।

सूरत पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी

घटना के बाद से ही पुलिस आग के कारणों और संदिग्ध गतिविधियों की पड़ताल में जुटी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और लोकेशन ट्रैकिंग के जरिए आरोपी विनोद सावले को धर दबोचा। पुलिस ने आगजनी, करोड़ों की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और साजिश रचने के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



तेलंगाना में हादसा

अस्पताल में एसी के धमाके आग से 3 मासूमों की मौत

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



तेलंगाना के आदिलाबाद में सोमवार देर रात राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आरआईएमएस) के स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में आग लगने से तीन नवजात शिशुओं की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वार्ड से 28 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग रात करीब 11:50 बजे लगी। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि आग एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी हो सकती है, जिससे वार्ड में आग की लपटें और घना धुआं फैल गया। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि आग लगने की सही वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद एक फायर इंजन को अस्पताल भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

सर्वोच्च न्यायालय 33 लाख नोटिस पर उठाया सवाल

दिल्ली एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट 'मशीन जनरेटेड लगते हैं नोटिस'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की मतदाता सूची के एसआईआर में क़रीब 33 लाख वोटरों को भेजे गए नोटिसों पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से कड़ा सवाल पूछा। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाताओं को भेजे जा रहे नोटिसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता पर सवाल उठाए। अदालत ने इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग (ईसीआई) को नोटिस जारी किया है और मतदाताओं को भेजे गए नोटिस पर तत्काल स्पष्टता मांगी। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने प्रथम दृष्टया कहा कि कुछ नोटिस 'मशीन से तैयार किए गए' प्रतीत होते हैं, जो प्रक्रिया में गंभीर खामियों और यांत्रिक त्रुटियों की ओर इशारा करते हैं। कोर्ट ने कहा कि ये नोटिस मशीन से जारी किए गए लगते हैं और 'लॉजिकल डिसक्रिपेंसी' यानी तार्किक विसंगति का आधार साफ़ नहीं है।



यह है लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी

'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' में वैसे मामले आते हैं जिसमें माता-पिता और बच्चे की उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा हो, एक ही पिता के नाम पर 6 या उससे ज्यादा लोग दर्ज हों, भाई-बहन की उम्र में 9 महीने से कम का अंतर हो, पुरानी और नई लिस्ट में माता-पिता के नाम या स्पेलिंग में अंतर हो।

याचिकाकर्ता का आरोप

दिल्ली में इतनी बड़ी संख्या में जारी किए गए नोटिस के मामले में दायर की गई याचिका पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने सुनवाई की। याचिका अंजलि भारद्वाज और अमृता जोहरी ने दाखिल की है। इसमें आरोप है कि चुनाव आयोग और दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिन वोटरों को नोटिस भेजे, उनके नाम और कारणों का पर्याप्त खुलासा नहीं किया। इसके साथ ही 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' की श्रेणी में डालने के मानदंड, परिभाषा और दिशानिर्देश भी नहीं बताए गए।

'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी को और स्पष्ट करें'

शुरुआत में याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि प्रक्रिया चौंकाने वाले तरीक़े से चल रही है। 33 लाख से ज़्यादा वोटरों को बेहद कमजोर आधार पर नोटिस भेजे गए हैं। प्रशांत भूषण से सहमति जताते हुए जस्टिस बागची ने कहा, 'लगभग मशीनी तरीक़े से नोटिस जारी हो रहे हैं। संभावना है कि ये मशीन से जनरेटेड नोटिस हों...'। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने चुनाव आयोग से कहा, 'आपको 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' को थोड़ा और स्पष्ट करना होगा।'

यूपी, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में राज्यसभा चुनाव का ऐलान

नई दिल्ली। टचुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में राज्यसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान कर दिया है। उत्तर प्रदेश की 10 और उत्तराखंड की 1 सीट पर द्विवार्षिक चुनाव होंगे, जबकि पश्चिम बंगाल की एक सीट पर उपचुनाव होगा। इन सभी सीटों पर 16 अक्टूबर को मतदान होगा। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 11 राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल नवंबर 2026 में खत्म हो रहा है। इसकी वजह से इन सीटों पर चुनाव कराया जा रहा है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में एक सीट खाली हुई है। यहां से सांसद रुक्मिणी मल्लिक ने 16 जुलाई को इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल 2032 तक था। इसी खाली सीट को भरने के लिए उपचुनाव होगा। चुनाव आयोग के अनुसार, चुनाव की अधिसूचना 29 सितंबर को जारी की जाएगी। नामांकन भरने की आखिरी तारीख 6 अक्टूबर तक है। 7 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 9 अक्टूबर शुक्रवार तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे।

सीबीएसई द्वारा बोर्ड परीक्षा का डर दूर करने नई पहल

10वीं-12वीं के सैंपल पेपर और मार्किंग स्कीम जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड(सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को आसान बनाने के लिए आधिकारिक सैंपल क्वेश्चन पेपर (एसक्यूपी) और मार्किंग स्कीम जारी कर दी है। जो छात्र आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे हैं, वे अब सीबीएसई की ऑफिशियल एकेडमिक वेबसाइट सीबीएसई एकैडमिक.निक.इन पर जाकर इन पेपर्स को देख और डाउनलोड कर सकते हैं।



इसलिए जरूरी हैं ये सैंपल पेपर

बोर्ड द्वारा जारी ये सैंपल पेपर्स छात्रों को परीक्षा के वास्तविक माहौल और पैटर्न से रूबरू कराने में अहम भूमिका निभाएंगे। इनकी मदद से छात्र यह समझ सकेंगे कि परीक्षा में किस तरह के सवाल पूछे जाएंगे, पेपर का स्ट्रक्चर कैसा होगा और विभिन्न सेक्शन में अंकों को किस तरह बांटा गया है।इसके साथ ही, मार्किंग स्कीम के जरिए छात्रों को यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि उत्तर लिखते समय किन बातों पर ध्यान देना है और एग्जामिनर किस आधार पर नंबर देगा। छात्र पहले खुद सैंपल पेपर हल करके मार्किंग स्कीम से अपने उत्तरों का मिलान कर सकते हैं, जिससे उनकी तैयारी का सटीक आकलन हो सके।

ऐसे डाउनलोड करें सैंपल पेपर

सबसे पहले सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट सीबीएसईएकैडमिक.निक.इन पर जाएं। होमपेज पर दिए गए ' सैंपल क्वेशन पेपर (एसक्यूपी) सेक्शन पर क्लिक करें। इसके बाद सत्र 2026-27 का विकल्प चुनें। अब अपनी कक्षा (क्लास 10th या क्लास 12th)का चयन करें। विषयों की सूची में से अपने विषय के सामने दिए गए लिंक पर क्लिक करके पीडीएफ डाउनलोड कर लें।

कब आएगी डेटशीट?

फिलहाल बोर्ड ने परीक्षा की आधिकारिक डेटशीट (टाइम टेबल) जारी नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स और पिछले रुझानों के अनुसार, अक्टूबर 2026 तक बोर्ड परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी होने की उम्मीद है, जिसमें परीक्षा की तारीखों और दिशा-निर्देशों की पूरी जानकारी दी जाएगी।

पासिंग क्राइटेरिया और असेसमेंट में कोई बदलाव नहीं

बोर्ड ने साफ कर दिया है कि इस सत्र (2026-27) के लिए परीक्षा ढांचे या पासिंग क्राइटेरिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मूल्यांकन व्यवस्था और पेपर का डिजाइन पिछले सत्र यानी 2025-26 के नियमों के अनुसार ही रहेगा। छात्रों को परीक्षा पास करने के लिए हर विषय में कम से कम 33 प्रतिशत अंक लाने होंगे।

ITSA HOSPITALS
सेवा संकल्प अभियान
सेवा महाकुंभ
रायपुर
रक्तदान शिविर
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित


23 सितंबर 2026 | बुधवार
बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर
सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक
सभी रक्तदाताओं के लिए ITSA की ओर से
ITSA Wellness Health Check-up
बिल्कुल निःशुल्क
15+ डायग्नोस्टिक टेस्ट
2 विशेषज्ञ परामर्श
कॉम्प्लिमेंटरी फूड एवं बेवरेज
महिलाओं के लिए पैप स्मीयर
स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श
MRP ₹8,740
ITSA PRICE ₹ 0
1 दिन पूर्व अपॉइंटमेंट लेना अनिवार्य है।
यह सुविधा केवल 23 सितंबर के रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले सदस्यों के लिए मान्य है।
अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़
7880 110000
7880 120000



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



जुलाई में इंजेक्शन भेजे अगस्त में एक्सपायरी



हरिभूमि की पड़ताल में यह सामने आया कि अस्पतालों में बगैर मांगे ही जेंटामाइसिन, मैग्निशियम सल्फेट समेत कई अनुपयोगी दवाएं भेजी गई हैं। अमनपुर के स्वास्थ्य केंद्र में जुलाई के अंतिम सप्ताह में 2000 से अधिक ऐसे इंजेक्शन भेज दिए गए जिसकी एक्सपायरी डेट अगस्त में थी। उपयोग नहीं होने की वजह से सभी इंजेक्शन एक्सपायरी हो गए। इसी ▶▶| शेष पेज 5 पर

हरिभूमि और आईएनएच की पड़ताल में बड़ा खुलासा

भेजे गए पीपीई किट बड़े पैमाने पर अस्पतालों में डंप

सप्लाई का गजब खेल, कोरोना के बाद भी पीपीई किट की भरमार, जरूरी दवाओं के लिए इंतजार

गौरव शर्मा ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ यूं तो चार साल पहले ही कोरोना के संक्रमण से मुक्त हो चुका है, लेकिन सीजीएमएससी से लेकर सरकारी अस्पतालों में अब भी पीपीई किट का खेल खत्म नहीं हुआ है। हरिभूमि और आईएनएच की पड़ताल में सीजीएमएससी के पुश मैकेनिज्म को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। राजधानी के निकटस्थ सरकारी अस्पतालों में बड़े पैमाने पर पीपीई किट भेजी जा रही है। हरिभूमि और आईएनएच की टीम जब रायपुर के ग्रामीण इलाकों में पड़ताल के लिए पहुंची तो, सीजीएमएससी से भेजे गए पीपीई किट बड़े पैमाने पर अस्पतालों में डंप मिले। माना सिविल अस्पताल के स्टोर रूम में कई कार्टून में पीपीई किट ▶▶| शेष पेज 5 पर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव





एक किट की कीमत 980 रुपए, चूहों ने कुतरा

अमनपुर ब्लॉक के ऊपरवारा आयुष्मान केंद्र में चार कार्टून पीपीई किट भेजी गई है। प्रत्येक किट की कीमत 980 रुपए दर्ज है। इसी तरह माना बस्ती के आयुष्मान केंद्र में भी चार कार्टून पीपीई किट 10 दिन पहले ही भेजे गए हैं। माना के सिविल ▶▶| शेष पेज 5 पर

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%)	₹115439/-
22 कैरेट रेट (91.60%)	₹140990/-
24 कैरेट रेट (99.99%)	₹153904/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें!

*Condition apply

ANAND Jewels Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

आज दिल्ली से वापस आएंगे किरण देव

रायपुर। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव दिल्ली से बुधवार की रात को 8 बजे वापस रायपुर लौटेंगे।



किरण देव 29 जुलाई को उत्तरप्रदेश में एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। इसके बाद से उनका दिल्ली में इलाज चल रहा था। अब वे स्वस्थ होकर वापस लौट रहे हैं। वे लंबे समय तक दिल्ली में छत्तीसगढ़ सदन में विश्राम कर रहे थे। इस बीच वे लगातार कई बार प्रदेश संगठन की बैठकों में ऑनलाइन भी शामिल हुए।

बैंक यूनियन की 28 से देशव्यापी हड़ताल

नई दिल्ली। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने कहा है कि वे 28 सितंबर से शुरू होने वाली तीन दिन की देशव्यापी हड़ताल की ओर आगे बढ़ेंगे, क्योंकि मंगलवार को उप-मुख्य श्रम आयुक्त के सामने हुई सुलह बैठक बेनतीजा रही। यह सुलह बैठक वित्त मंत्रालय द्वारा बैंक कर्मचारियों से हड़ताल न करने और बातचीत के जरिये अपनी बाकी मुद्दों को सुलझाने की अपील करने के एक दिन बाद हुई।

220 नमूने फेल, दिल्ली में बनी नकली दवा मिली

नई दिल्ली। केंद्रीय दवा प्रयोगशालाओं की जांच में अगस्त 2026 के दौरान अलग-अलग कंपनियों की 29 दवाओं के नमूने तय गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे। वहीं, राज्यों की दवा परीक्षण प्रयोगशालाओं ने भी 191 नमूनों को 'मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं' पाया। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, नियमित नियामकीय निगरानी के तहत केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन हर महीने मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाई गई और नकली दवाओं की सूची अपने पोर्टल पर जारी करता है।

पांच साल में 45 आईआईटी छात्रों ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। देशभर के 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में 2020-21 से 2024-25 के बीच कुल 45 छात्रों ने आत्महत्या की। इनमें से 28 मामले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से जुड़े छात्रों के थे। ये आंकड़े आठ दिसंबर, 2025 को लोकसभा में पूछे गए एक तारांकित प्रश्न के लिए सभी आईआईटी से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर संकलित किए गए हैं। इन 28 छात्रों की संख्या इस अवधि के दौरान आईआईटी में दर्ज कुल आत्महत्याओं के 62 प्रतिशत से अधिक थी।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में जुटे 193 देशों के प्रतिनिधि

ट्रंप ने यूएन से ईरान को दी धमकी समझौता करो, वरना खत्म कर देंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने के फैसले का बचाव किया और कहा कि उन्होंने हिम्मत दिखाई है, जबकि दूसरे नेताओं ने टालमटोल वाला रवैया अपनाया है। ट्रंप ने भी अपने संबोधन में सबसे ज्यादा ईरान पर ही निशाना साधा और उसे बर्बाद करने की धमकी तक दी।

एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका पहले से ज्यादा ताकतवर हुआ है। साथ ही उन्होंने ईरान को खत्म करने की सीधी धमकी दी। उन्होंने कहा, मेरे सामने एक बड़ा फैसला है। अमेरिका के पास दो रास्ते हैं- ईरान के साथ समझौता करना या उसे खत्म कर देना। ट्रंप ने कहा कि उन्हें यह काम जल्दी करना ताकि उसे फिर से लोगों और देशों को नुकसान पहुंचाने का मौका न मिले।

ईरान को खत्म करने की धमकी देने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से ईरान को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की अपील की। ट्रंप ने कहा कि अगर यह रणनीति काम करती है तो तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आएगी। उन्होंने यूएन के सदस्य देशों से ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने में साथ देने को कहा। ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान को लेकर एक बड़ा फैसला लेना है, लेकिन यह फैसला ▶▶| शेष पेज 5 पर

अमेरिका-ईरान के अधिकारियों ने मुलाकात की

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के अधिकारियों ने मंगलवार को मुलाकात की है। ट्रंप का यह बयान संयुक्त राष्ट्र महासभा में संबोधन के दौरान उनकी उस चेतावनी के कुछ घंटों बाद आया जिसमें उन्होंने कहा कि लगभग सात महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए जल्द ही कोई समझौता नहीं हुआ तो वह ईरान को 'तबाह' कर सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने पत्रकारों को इस बैठक के बारे में जानकारी दी।

अमेरिकी इकोनॉमी से दुनिया जलती है: ट्रंप



भारत-पाक युद्ध रुकवाने का फिर किया दावा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में विश्व भर के नेताओं को संबोधित करते हुए एक बार फिर से यह दावा किया कि उन्होंने पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रुकवाया था। ट्रंप ने कहा, जब से मैंने पद संभाला है, आठ युद्ध को खत्म कराना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात रही है और ऐसा करते हुए उन देशों में से कई के नेताओं के साथ दोस्ताना संबंध बना। मेरे लिए यह काफी सम्मान की बात है।

तुर्किये राष्ट्रपति ने फिर कश्मीर मुद्दा उठाया

तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में एकबार फिर से कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने मंगलवार को कहा कि कश्मीर मुद्दे का हल बातचीत के जरिए होना चाहिए। एर्दोगन 2019 से हर साल (2024 छोड़कर) 7 बार यूएन में कश्मीर का जिक्र कर चुके हैं।

ईरानी राष्ट्रपति और विदेश मंत्री बैठक में नहीं पहुंचे

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और विदेश मंत्री अब्बास अराघची संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने के लिए न्यूयॉर्क में हैं, लेकिन वे ट्रंप के संबोधन के दौरान महासभा कक्ष में नहीं पहुंचे। इसके बजाय, जब ट्रंप ने बोलना शुरू किया तो निचले स्तर के कर्मचारी और प्रतिनिधि वहां मौजूद थे। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति के भाषण के लगभग 10 मिनट बाद ही वे वहां से चले गए।

दुनिया में खाई बढ़ती जा रही : यूएन महासचिव

इससे पहले, यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अपना विदाई भाषण दिया। महासचिव के तौर पर यह उनका आखिरी यूएन महासभा संबोधन था। भाषण की शुरुआत में गुटेरेस ने कहा कि हमारी दुनिया में खाई बढ़ती जा रही हैं। यूएन प्रमुख ने कहा कि महाशक्तियों को यह समझना होगा कि उनकी ताकत उतनी भी 'सुपर' नहीं है और सिर्फ सैन्य ताकत से शांति कायम नहीं की जा सकती।

समझौते पर हस्ताक्षर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आर्कटिक और उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाने की ट्रंप की बार-बार की गई अपीलों को लेकर बढ़े तनाव को कम करने की दिशा में भी एक कदम माना जा रहा है। हस्ताक्षर ऐसे समय हुए हैं, जब कुछ दिन पहले ही ट्रंप ने ग्रीनलैंड में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने और इसके बावजूद द्वीप को डेनमार्क के नियंत्रण में बनाए रखने संबंधी समझौते की घोषणा की थी।

सीजीपीएससी गड़बड़ी मामले में 3700 पन्नों की चार्जशीट पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बहुचर्चित सीजीपीएससी पेपर लीक और चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी के मामले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी, उत्कर्ष चंद्राकर और चेतन बोरघरिया के खिलाफ 3700 पन्नों का चालान पेश किया है। इस चार्जशीट में 99 पन्नों में समरी है। ईडी ने आरोप लगाया है कि सीजीपीएससी गड़बड़ी में टामन सिंह ने कुछ सरकारी कर्मचारियों और निजी लोगों के साथ मिलकर पेपर लीक करने और चयन प्रक्रिया में हेरफेर की साजिश रची।



कैश-बैंक ट्रांजेक्शन से अवैध रकम जुटाने का दावा

ईडी की चार्जशीट में लगाए गए आरोप के अनुसार पेपर लीक-चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी के दौरान अवैध रूप से ली गई रकम का लगभग आधा हिस्सा कैश में तथा आधा बैंक खातों के जरिए लिया गया। यह रकम अलग-अलग बैंक खातों के जरिए कई स्तरों पर ट्रांजेक्शन कर रोटेट किया गया है। ईडी इस रकम के स्रोत और मनी ट्रेल का पता लगाने में जुटी है। जांच के दौरान सोनवानी से पूछताछ में अपराध से हुई आय का पता लगाने, पैसों के लेन-देन की कड़ी स्थापित करने और मामले में शामिल दूसरे लोगों की पहचान करने की कोशिश की गई।

चंद्राकर पहले हुआ गिरफ्तार

ईडी ने इससे पहले कोचिंग संचालक उत्कर्ष चंद्राकर को गिरफ्तार किया था। ईडी का आरोप है कि पैसे लेकर रिश्तेदारों समेत पसंदीदा अभ्यर्थियों का वरिष्ठ सरकारी पदों पर चयन कराने की कोशिश की गई। इनमें डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी जैसे पद शामिल थे। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पूर्व चेयरमैन सोनवानी को 25 जुलाई 2026 को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वे जेल में है।

कैंसर की दवा के अत्यधिक कीमत पर सुप्रीम कोर्ट हैरान

2700 की दवा 27 हजार में, कोर्ट ने कहा-डकैती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर की जरूरी दवाओं की अत्यधिक कीमतों पर मंगलवार को हैरानी जताते हुए इसे मरीजों के साथ दिन-दहाड़े डकैती करार दिया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर गौर किया कि कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एक दवा का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) 27,000 रुपये रखा गया था, जबकि खुदरा विक्रेताओं को यह 2,700 रुपये में उपलब्ध कराई गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा, यह बेहद हैरान करने वाली बात है कि जिन अधिकारियों को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए, वे चुप हैं। पीठ दवाओं की कीमतों पर सख्त नियंत्रण सुनिश्चित करने सहित औषधियों से जुड़े अन्य मुद्दे उठाने वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। ▶▶| शेष पेज 5 पर

कीमत तय करना अहम मुद्दा

पीठ ने माना कि कीमत तय करना एक अहम मुद्दा है। उसने मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 सितंबर की तारीख तय की। एक याचिका में शीर्ष अदालत से अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे दवा कंपनियों और खुदरा विक्रेताओं की ओर से जरूरी दवाओं की कथित अनुचित मूल्य वृद्धि को रोककर दवा उत्पादों को अधिक किफायती बनाएं।

जेनेरिक दवा नहीं लिख रहे...

एक याचिकाकर्ता ने पीठ को बताया कि उसकी याचिका में पंजीकृत चिकित्सा पेशेवरों के जेनेरिक दवाएं न लिखे जाने का मुद्दा भी उठाया गया है। उसने कहा कि दवाओं की एमआरपी तय करना बेहद अहम मुद्दा है। एक याचिका के सिलसिले में केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि सरकार इस मामले को विरोधी पक्षों के बीच मुकदमेबाजी के तौर पर नहीं देख रही है।

इधर, वंदे मातरम् की सुनवाई में 'नक्सली' टिप्पणी पर बवाल

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की बेंच में मंगलवार को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और सीनियर वकील डॉ.एस मुरलीधर के बीच 'नक्सलाइट' वाली टिप्पणी को लेकर तीखी नोकझोंक हो गई। वरिष्ठ अधिवक्ता एस. मुरलीधर ने सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्र गीत वंदे मातरम् से जुड़ी सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा 'नक्सलियों' शब्द का इस्तेमाल किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई और इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। सीजेआई की बेंच में वंदे मातरम मामले पर सुनवाई हो रही थी, इस दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि सीजेआई की बेंच को दोनों वकीलों के बीच में दखल देना पड़ गया।

सीएम साय ने कहा

भूपेश के काफिले पर हमले के पीछे कांग्रेस की गुटबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असम में उपचुनाव प्रचार के दौरान भूपेश बघेल और गौरव गोगोई के काफिले पर हुए हमले के मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, पंजाब में भी भूपेश बघेल का विरोध हुआ और असम में भी विरोध हो रहा है। वहीं भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और सांसद संतोष पांडे ने इसे कांग्रेस की गुटबाजी का असर बताया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा, इसके पहले भूपेश बघेल पंजाब के प्रभारी थे, वहां भी ▶▶| शेष पेज 5 पर

हरिभूमि फॉलोअप





पूरा प्रशासन भाजपा के वर्कर की तरह काम कर रहा : बघेल

मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, दौरे के दौरान हम लोग लगातार एडिशनल एसपी के संपर्क में थे। उनके आश्वासन पर सब कुछ सही होने पर हम लोग वहां का दौरा कर रहे थे, लेकिन कुछ दूर जाते ही हमारे काफिले की दो गाड़ियों पर पथराव हुआ। यहां तक की वापस आते समय भी यही घटना हुई। पुलिस प्रशासन को हमने जानकारी दी, एसपी से मिले ▶▶| शेष पेज 5 पर

एशियन गेम्सः गोल्ड का खुला खाता

वुमन क्रिकेट टीम ने दिलाया सम्मान

- स्मृति के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को दी मात
- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स में लगातार दूसरी बार जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| निशिन

भारत का स्वर्ण पदक का खाता खुल गया है। भारत की बेटियों ने क्रिकेट में स्वर्ण पदक दिलाया। श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में टीम इंडिया ने 147 रन ▶▶| शेष पेज 5 पर



राष्ट्रपति-पीएम ने दी बधाई : *राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी और कहा कि उनका असाधारण प्रदर्शन, टीम भावना और दृढ़ संकल्प देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।*

केंद्रीय मंत्रियों की बैठक आज

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रियों की दो दिवसीय चिंतन बैठक बुधवार से शुरू होगी, जिसमें सुधारों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए शासन और नीति-निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा होने की उम्मीद है। 23 और 24 सितंबर को सेवा तीर्थ में मंथन सत्र आयोजित किया जाएगा और इसमें पूरी मंत्रिपरिषद शामिल होगी।



चिंतन

डिजिटल दुनिया में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

डिजिटल दुनिया ने जहां बच्चों के लिए ज्ञान, शिक्षा और मनोरंजन के दरवाजे खोले हैं, वहीं उनके लिए नए खतरे भी तेजी से बढ़े हैं। बच्चों से जुड़ी यौन शोषण सामग्री इसका सबसे भयावह उदाहरण है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। सरकार को भी समय रहते ऐसे मामलों में कार्रवाई करनी चाहिए, चूंकि बच्चों की सुरक्षा में एक पल की देरी भी समस्या बढ़ा देती है। इसी को ध्यान में रखते हुए गूगल का भारत से जुड़े ऐसे मामलों की सूचना सीधे भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों तक पहुंचाने की व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ना केवल एक तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा के लिए जवाबदेही की जरूरत को स्वीकार करना भी है। अब तक ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री की रिपोर्टिंग में अमेरिका स्थित नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन यानी एनसीएमईसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 2025 में उसकी साइबरटिपलाइन को दुनियाभर से 2.13 करोड़ रिपोर्ट मिलीं। इनमें 53,000 से अधिक रिपोर्ट ऐसी थीं, जिन्हें तत्काल कार्रवाई या बच्चे के खतरे में होने की दृष्टि से गंभीर माना गया। डिजिटल माध्यमों पर बच्चों को सुरक्षित रखना वैश्विक चुनौती बन चुका है। भारत के संदर्भ में सीधे रिपोर्टिंग का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है, क्योंकि किसी बच्चे के खतरे में होने की स्थिति में समय सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। सूचना जितनी जल्दी स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसी तक पहुंचेगी, उतनी जल्दी संदिग्ध सामग्री हटाने, स्रोत की पहचान करने और संभावित पीड़ित बच्चे तक पहुंचने की कार्रवाई शुरू की जा सकेगी। गूगल से पहले मेटा ने भी इस व्यवस्था पर सहमति जताई है। असली चुनौती उस पूरी डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने की है, जिसमें ऐसी सामग्री तैयार होने से पहले रोकी जाए, अपलोड होते ही पहचानी जाए और प्रसारित होने से पहले उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में भी बच्चों की सुरक्षा के लिए प्लेटफॉर्मों पर तकनीकी उपायों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। एआई और दूसरे डिजिटल औजार जहां शिक्षा और रचनात्मकता के लिए उपयोगी हैं, वहीं इनके दुरुपयोग की आशंका भी बढ़ रही है। भारत के 2026 में संशोधित आईटी नियमों में सिंथेटिक रूप से तैयार ऐसी सामग्री को रोकने के लिए तकनीकी उपायों का भी प्रावधान किया है, जिसमें बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री शामिल है, लेकिन जिम्मेदारी केवल सरकार और कंपनियों की नहीं है। अभिभावकों को भी बच्चों की डिजिटल गतिविधियों के प्रति सजग रहना होगा। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि इंटरनेट पर हर व्यक्ति विश्वसनीय नहीं होता, निजी तस्वीरें या जानकारी साझा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है और किसी संदिग्ध व्यक्ति के दबाव में आने पर चुप रहने के बजाय माता-पिता को तुरंत बताना चाहिए। स्कूलों में भी डिजिटल सुरक्षा को पाठ्यक्रम और जागरूकता कार्यक्रमों का हिस्सा बनाना चाहिए। डिजिटल दुनिया को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने की लड़ाई केवल आपत्तिजनक सामग्री हटाने की लड़ाई नहीं है। यह बच्चों के अधिकार, गरिमा और सुरक्षित बचपन की रक्षा की लड़ाई है। तकनीकी कंपनियों को मुनाफे के साथ सुरक्षा की जिम्मेदारी निभानी होगी, सरकार को कानून और प्रवर्तन व्यवस्था मजबूत करनी होगी और समाज को डिजिटल सजगता बढ़ानी होगी। बच्चे जिस दुनिया में भविष्य देख रहे हैं, वह डिजिटल है; इसलिए उस दुनिया में उनका सुरक्षा विकल्प नहीं, बल्कि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

स्वस्थ और समृद्ध भविष्य के लिए है आयुर्वेद



आयुर्वेद दिवस

डॉ. संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली 'एनडीए' सरकार ने 2014 में स्वदेशी चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' के लोकव्यापीकरण और विकास को लक्ष्य में रखते हुए प्रत्येक वर्ष 23 सितंबर को 'आयुर्वेद दिवस ' के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। साल 2014 से 2024 तक यह दिवस आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धन्वंतरि की जयंती धनतेरस के दिन मनाया जाता रहा है। इस साल मनाए जा रहे '11 वें आयुर्वेद दिवस- 2026' की थीम 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' (आयुर्वेदा फॉर हेल्दियर टूमारो) निर्धारित किया गया है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जब भारत सहित दुनिया का जनस्वास्थ्य नित नई चुनौतियों और महामारी से जूझ रहा है तब 'निरोगता' ही सभी समस्याओं से मुक्ति का एकमात्र उपाय है। आयुर्वेद दिवस का आयोजन केवल भारत में ही नहीं किया जा रहा है बल्कि दुनिया के अनेक देशों में यह दिवस आयोजित किया जा रहा है। बीते वर्ष 2025 में भारतीय दूतावासों और मिशनों, अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों, स्वास्थ्य संगठनों और प्रवासी भारतीय संगठनों के माध्यम से लगभग 150 से अधिक देशों में 'आयुर्वेद दिवस ' आयोजित किया गया। अलबत्ता आयुर्वेद विधा से जुड़े लोगों के लिए यह दिवस एक विरासत का उत्सव मनाने तक सीमित करने की नहीं होना चाहिए बल्कि इस विरासत को भविष्य की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों से जोड़ने के अवसर के तौर पर भी होना चाहिए। आखिरकार 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य पूर्ति में 'स्वास्थ्य' की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत जैसे विकासशील देश में जिसकी बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों और इसके इलाज के बढ़ते खर्च से जूझ रहा है तब सबसे बड़ी जरूरत आरोग्य की है। आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन का विज्ञान है जो मनुष्य के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के साथ -साथ उसमें नैतिक गुणों का प्रादुर्भाव भी करता है जो वैयक्तिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सामुदायिक शुचिता में भी सहायक है। आयुर्वेद के जरिए ही आरोग्य संभव है क्योंकि इसमें स्वस्थ रहने और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के लिए विभिन्न मौसम अनुसार आहार, दिनचर्या और परहेज का विशद उल्लेख है। आयुर्वेद पद्धति का मूल सिद्धांत स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी की चिकित्सा है यानि यह सिद्धांत विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' के 'प्रिवेंशन इज़ बेटर देन क्योर' के सिद्धांतों से तादात्म्य रखती है। दुनिया भर में बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों के मद्देनजर आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ आयुर्वेद का भी तादात्म्य स्थापित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार एकीकृत स्वास्थ्य सेवा की ओर कदम बढ़ा रही है जो दुनिया में एक नयी 'स्वास्थ्य क्रांति' का आगाज होगा।



गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा घोषित 'नवीन स्वास्थ्य नीति 2017' में भी आरोग्य यानि वेलनेस को प्राथमिकता दी गई है। वर्तमान परिदृश्य में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान स्वास्थ्य के लिए शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्वास्थ्य के साथ ही आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी परिभाषित कर रही है। आश्चर्यजनक तौर पर भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' के आचार्यों ने हजारों साल पहले ही इन आयामों को स्वास्थ्य का आधार प्रतिपादित किया है। देश और दुनिया नित नये संक्रामक रोगों के साथ ही जीवनशैली से जुड़ी गैरसंचारी रोगों यानि मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप, मोटापा और कैंसर की चुनौतियों से जूझ रही है। देश की एक बड़ी आबादी जिसमें छात्र,युवा और महिलाएं शामिल हैं इन दिनों मानसिक तनाव और मनोरोग के शिकार हैं। भारत जैसे विकासशील देश में गैर संचारी रोगियों की बढ़ते आंकड़े और स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ते दबाव के मद्देनजर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति इन चुनौतियों से निपटने में कारगर हो सकती है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी बढ़ी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व की तीन चौथाई आबादी विभिन्न रोगों के उपचार के लिए पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपना रही है।

बिलाशक आने वाले कल में जीवनशैली से जुड़ी तमाम बीमारियां जहां सरकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियां होंगी वहीं यह आम परिवारों के लिए भी सबसे बड़ा आर्थिक बोझ साबित होगा। दरअसल किसी परिवार में बीमारी केवल एक सदस्य को ही बीमार नहीं करता बल्कि इसकी पीड़ा पूरे परिवार को झेलना पड़ता है। बीमार व्यक्ति की सेवा- सुश्रुषा और इलाज का खर्च जहां परिवार का कमर तोड़ देती है वहीं दूसरी ओर यह परिवार के उत्पादकता को भी प्रभावित करती है जिसका असर देश के अर्थव्यवस्था पर परिलक्षित होता है। पिछले साल हुए एक नेशनल सैंपल सर्वे में पता चला है कि एक साल में करीब 46 फीसदी ग्रामीण और 53 फीसदी शहरी आबादी ने किसी न किसी रूप में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार कराया है। विश्व समुदाय का भरोसा आयुर्वेद के प्रति बढ़ने के कारण वैश्विक बाजारों में आयुर्वेद उत्पादों की धाक लगातार बढ़ रही है बीते साल 2025 में जहां इसका आकार 16 बिलियन से लेकर 20.4 बिलियन अमरीकी डॉलर। वहीं इस साल 2026 में यह बाजार 24.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचने तथा 2033 तक 85.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने की संभावना है। देश में आयुर्वेद टूरिज्म का बाजार लगातार बढ़ रहा है फलस्वरूप इस क्षेत्र में काफी संख्या में उद्यमी और चिकित्सक आ रहे हैं जिससे लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

विचारणीय है कि स्वातंत्र्योत्तर भारत में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को वैसा राज्याश्रय नहीं मिला जिसका वह हकदार था। वक्त ने करवट बदला और अब केंद्र सरकार द्वारा इस पद्धति के लोक व्यापीकरण और विकास के लगातार प्रयास किया जा रहा है। सरकार के कोशिशों के बावजूद देश के इस बौद्धिक संपदा के प्रति लोगों में अभी भी भ्रम है फलस्वरूप लोगों की प्राथमिकता में यह दोयम पायदान पर है। पश्चिमी देश जहां आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बड़ी तेजी से अपना रहा है वहीं अभिजात्य तबका आयुर्वेद को अभी भी केवल सौंदर्य प्रसाधक, यौन शक्तिवर्धक, हेल्थ व फूड सप्लिमेंट माने बैठा है।

उपरोक्त भ्रांतियों के परिप्रेक्ष्य में वस्तुस्थिति यह है कि आयुर्वेद की अधिकांश दवाएं वनस्पतियों से बनती है तथा केवल रस और भस्म में धातुओं का प्रयोग होता है।औषधि निर्माण के दौरान धातुओं का शोधन शास्त्रीय विधि अनुरूप किया जाए और क्वालिफाइड आयुर्वेद विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में इसका सेवन किया जाए तो यह सुरक्षित और असरकारी होता है।आमतौर पर मरीज आयुर्वेद चिकित्सा के शरण में तब आता है जब वह वर्षों - महीनों एलोपैथिक या अन्य पैथियों का उपचार अजमा चुका होता है और कोई लाभ न होने पर आखिर में आयुर्वेद को आजमाना चाहता है तब तक रोग की जीर्णता और गंभीरता दोनों बढ़ जाती है तब भला इस पद्धति से त्वरित लाभ का सोच ही बेमानी है। आजकल आयुर्वेद दवाओं के निर्माण में गुणवत्ता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दवाओं की गुणवत्ता परीक्षण के लिए ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी की स्थापना की गई है जहां दवाओं को आधुनिकतम कसौटी पर परखा जा रहा है। आयुर्वेद दवाएं अब टेबलेट और कैप्सूल के रूप में भी उपलब्ध हो रहे हैं जिसके चलते अब इन दवाओं के सेवन में आसानी हो रही है। वैज्ञानिक मानकीकरण के वर्तमान दौर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को भी वैज्ञानिक मानकों के कसौटी पर खरा उतरना आवश्यक है। केंद्र सरकार में पृथक आयुष मंत्रालय के स्थापना के बाद देश में जहां आयुर्वेद शिक्षा के गुणवत्ता उन्नयन के लिए कारगर प्रयास हुए हैं वहीं इस चिकित्सा पद्धति से जुड़े अनुसंधान और विकास को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है। दुनिया भर में इस चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में आयुर्वेद में अनुसंधान, प्रमाण और नवाचार को अहमियत दी जा रही है। अलबत्ता आयुर्वेद नवजात शिशु से लेकर बुजुर्गों के लिए भी सुरक्षित, सुलभ और सेहतमंद है। बहरहाल बीमारियों से बचाव और उपचार के बढ़ते आर्थिक बोझ के दृष्टिगत स्वस्थ और समृद्ध भविष्य के लिए आयुर्वेद ही कारगर लिहाजा लिहाजा सरकार और समाज को इसे अपनाने और प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

मंथन

राजेंद्र बज



केवल भौतिक प्रगति ही वास्तविक प्रगति नहीं

विभिन्न स्तर पर आंकड़ों की बाजीगरी में चाहे कितनी ही प्रगति के दावे किए जाते हों किंतु विकृत मानसिकता के कारक तत्वों पर अंकुश लगाने के प्रयासों की आवश्यकता समझी ही नहीं गई है। तकनीकी विकास के साथ-साथ नैतिकता को ताक पर रखते हुए चारित्रिक पतन के गर्त में कब, कहां और कौन जा रहा है, इस पर परिजन भी नजर नहीं रख पा रहे हैं। आधुनिकता की अंधी होड़ में हमारे उच्चस्तरीय नैतिक संस्कारों का विलोपन भी गहन चिंता का विषय है। आए दिन होने वाली हैरतअंगेज अमानवीय घटनाओं के मूल में कामवासना प्रमुख कारण बन रही है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि सामाजिक चिंतन की दशा और दिशा को सुनिश्चित आकार देते हुए ऐसे कदम उठाए जाएं जिससे कि स्वस्थ समाज की संरचना हो सके। दरअसल, बदलते दौर में तथाकथित विकास को परिभाषित किया जाना भी अत्यंत आवश्यक प्रतीत होता है। ऐसी स्थिति में हमें अपनी संस्कृति को सर्वथा सुरक्षित रखते हुए प्रगति के नए सोपान तय करना होंगे। दुर्भाग्यवश आधुनिकता की ओट में हम हमारी उच्चस्तरीय नैतिक संस्कारों की परंपरा से विमुख होते जा रहे हैं। प्रगति की अवधारणा को सार्थक सिद्ध करने के लिए मात्र भौतिक उपलब्धि को पैमाना बनाना, कतई उचित नहीं होगा। सामाजिक विकृतियों के निदान हेतु प्रभावी पहल किया जाना समय की मांग है। धनबल और बाहुबल के साथ-साथ राजनीतिक संरक्षण के चलते आपराधिक गतिविधियां विस्तार पा रही है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जगत में विसंगतियों के जाल का जंजाल निरंतर बवाल खड़े कर रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में विलंबित न्याय रूपी अन्याय प्रकारांतर से सामाजिक विकृतियों का जनक सिद्ध हो रहा है। शिक्षा संस्थान उच्चस्तरीय शिक्षा का दंभ भरते हुए विद्यार्थियों में नैतिकता का पाठ पढ़ाने में कोताही बरत रहे हैं। हमारे प्राचीनकालीन रीति रिवाज और आदर्श परंपराओं को सर्वथा अप्रासंगिक समझ लिया गया है। असामाजिक तत्वों की आर्थिक स्थिति में अप्रत्याशित रूप से होती बढ़ोतरी आखिर क्या सिद्ध करती है ? संगीन अपराधों के दोषी तत्वों को राजनीतिक संरक्षण, संचार तंत्र में परोसी जा रही अश्लीलता तथा कानून और व्यवस्था का मखौल उड़ाती मानसिकता नैतिकता को तार-तार कर रही है। आमतौर पर नीति निर्माता अपनी राजनीतिक जमावट में तल्लीन है और कानून और व्यवस्था के पालनहार अपने मूलभूत कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति उदासीन है। यदि ऐसा नहीं है, तो क्यों नहीं राजनीति में उच्चस्तरीय आदर्श स्थापित किए जाकर स्वस्थ समाज की संरचना के प्रति प्रशासन तंत्र को जवाबदार ठहराया जाता? शासन-प्रशासन अलग-अलग स्तर पर अलग-अलग जिम्मेदारियों का निर्वहन करें लेकिन तमाम जिम्मेदारियों के निर्वहन का सार तत्व स्वस्थ समाज की संरचना में ही अंतर्निहित माना जाना चाहिए। रिश्तों की मर्यादा पर कलंक कालांतर में घर-परिवार एवं सामाजिक जीवन में ऐसा भी उलटफेर कर सकता है जो हमें आखेट युग की ओर ले जाएं। आधुनिकता के नाम पर बनावट के आधार पर होती जमावट विकास का खोखलापन दर्शाती है। जरूरत इस बात की है कि शासन प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न परिवारों के परिजन भी स्वस्थ समाज की संरचना के सूत्रधार बने। इसमें कोई संदेह नहीं कि हमारी संस्कृति मूल रूप से धर्म आधारित रही है। आखिर हमें ऐसा विकास तो नहीं चाहिए जो विनाश की कगार पर टिका हो! समय रहते ऐसे कदम उठाए जाने चाहिए जिससे कि व्यक्तियों के आचार-विचार और व्यवहार में सकारात्मक सोच लाते हुए उन्हें उच्चस्तरीय संस्कारों से परिपूर्ण किया जाए। अन्यथा समाज में दिनोंदिन नैतिकता का पतन आने वाले समय में हमारी शाश्वत संस्कृति को विलुप्त कर देगा। इसके साथ-साथ संयुक्त परिवार की अवधारणाओं को बढ़ावा देना भी वर्तमान सामाजिक परिवेश में आवश्यक प्रतीत होता है। निश्चित रूप से समाज के बीच से आ रहे नकारात्मक संदेशों को लेकर हमें सचेत हो जाना चाहिए। अन्यथा भावी पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। समय रहते सकारात्मक सोच के साथ नैतिक मूल्यों के उत्थान की दिशा में हमें जुटने की जरूरत है। बदलते दौर में विकास के सही मायनों को समझने की नितांत आवश्यकता है। एकमात्र भौतिक प्रगति को ही हम विकास का पर्याय नहीं मान सकते। जब तक नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ उच्च स्तरीय संस्कारों का बीजारोपण नहीं हो जाता, तब तक विकास को सच्चे अर्थों में साकार भी नहीं किया जा सकता। दरअसल हमें सकारात्मक चिंतन के साथ अपनी गौरवशाली संस्कृति को आधुनिक देश काल और परिस्थितियों के संदर्भ में अक्षुण्ण रखना होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

व्यैक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित

दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम् का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित

प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

अंतर्मन



आज की पाती

प्याज की बढ़ती कीमत महंगाई का एक और झटका

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करनी चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी हों। अब तो सरकारों को प्याज की बढ़ती कीमतों के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, क्योंकि अब देश के कुछ राज्यों में इसकी कीमत 70 रुपए प्रति किलो से ऊपर हो चुकी है। वैसे प्याज की कीमतें इससे पहले भी बढ़ती थी और इस पर खूब राजनीति भी होती आई है। प्याज पर ही नहीं, बल्कि हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं। - *मनोहर चौहान, दुर्ग*

करंट अफेयर

चीन के अंतरिक्ष स्टेशन मिशन में शामिल होंगे पाक के यात्री

चीन के अंतरिक्ष यात्री केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे दो पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्री जल्द ही चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर मिशन में शामिल होंगे। एक वरिष्ठ चीनी अधिकारी ने यह जानकारी दी। चीन ने पिछले साल अपने करीबी सहयोगी पाकिस्तान के अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से करीब 400 किलोमीटर ऊपर कक्षा में मौजूद अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने की योजना की घोषणा की थी। ये अंतरिक्ष यात्री स्टेशन पर जाने वाले पहले विदेशी मेहमान होंगे। 'चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी' ने इस साल अप्रैल में अंतरिक्ष मिशन प्रशिक्षण के लिए दो पाकिस्तानी उम्मीदवारों मोहम्मद जीशान अली और खुर्रम दाऊद के चयन की घोषणा की थी। दोनों चीन के अंतरिक्ष यात्री अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे हैं। चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम के उप मुख्य डिजाइनर यांग लीवेई ने कहा, ' 'हमने यह भी घोषणा की है कि दो पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्री वर्तमान में अंतरिक्ष यात्री केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे हैं। निकट भविष्य में वे हमारे अंतरिक्ष यात्रियों के साथ चीन के अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगे।' सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, यांग ने मंगलवार को चीन के नए दौर के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों पर आयोजित एक सम्मेलन में यह टिप्पणी की।



ऑफ बीट

एयर प्यूरिफायर नहीं रोकते हैं श्वसन संबंधी संक्रमण

कोविड-19 के दौरान इस तरह की बातें सामने आईं कि घर के अंदर वायु गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए , साथ ही दावा किया गया कि इससे वायरस के फैलने का खतरा कम होगा, लेकिन इन दावों का समर्थन करने के लिए साक्ष्यों की कमी है। इसलिए मैंने और मेरे सहकर्मियों ने कोविड से पहले के साक्ष्यों की समीक्षा की और पाया कि वायु शोधन वास्तव में श्वसन संक्रमण संबंधी बीमारियों को कम नहीं करता। वायु उपचार उपकरणों के दो मुख्य प्रकार हैं: फिल्टर और वायु कीटाणुनाशक। फ़िल्टर हवा से उन कणों को हटाने का काम करता है जिनमें संक्रामक वायरस हो सकते हैं। वायु कीटाणुनाशक हवा में वायरस को निष्क्रिय करने के लिए पराबैंगनी विकिरण या ओजोन का इस्तेमाल करते हैं। साक्ष्यों से यह बात सामने आई कि इन प्रौद्योगिकियों ने बीमारी और वायरस से संक्रमण की गंभीरता को कम नहीं किया। हमारी समीक्षा से यह निष्कर्ष निकला कि इस बात का कोई पुख्ता सबूत नहीं है कि वायु उपचार प्रौद्योगिकियां श्वसन संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करती हैं।



ट्रेंड

सिस्टम का कब्जा

देश पर एक सिस्टम का कब्जा हो गया है, एक-एक करके हर स्तर पर। RSS और "हमारे दो, हमारे दो" की अगुवाई में, कुछ गिने-चुने लोगों ने मिलकर भारत के हर संस्थान पर अपना कब्जा जमा लिया है। इस कब्जे, भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ छात्रों की आवाज़ ही इस सिस्टम के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस



बेटियों को बधाई

महिला क्रिकेट टीम ने एक बार फिर दुनिया को दिखा दिया है कि चैंपियन कैसे खेलते हैं। एशियाई खेल 2026 में गोल्ड मेडल जीतने पर हमारी महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत बधाई।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तरप्रदेश



तिरंगे का मान

एशियाई खेल 2026 के महिला क्रिकेट फाइनल में श्रीलंका को हराकर गोल्ड मेडल जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत बधाई। आपकी शानदार जीत ने वैश्विक मंच पर तिरंगे का मान एक बार फिर बढ़ाया है।

- **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश



जनता को उम्मीदें

बारां की जनता को आम आदमी पार्टी से बहुत उम्मीदें हैं। अब समय आ गया है कि इस क्षेत्र के विकास में सकारात्मक और ऐतिहासिक बदलाव लाया जाए और पूरे राजस्थान के लिए मिसाल कायम की जाए।

- **अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
बुधवार 23 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 25, अंक : 64
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 26.3

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

7 प्रणति ने वॉल्ट फाइनल के लिए...



विचार पेज
स्वस्थ और समृद्ध भविष्य के...





शौचालय और बाथरूम की स्थिति तो और भी खराब

पालक इस छात्रावास में अपने बच्चों को रखना नहीं चाहते

डर के साये में 'छात्रों का वास'

करीब पखवाड़ेभर पहले दिल्ली में पीजी के ढहने से पांच छात्रों सहित सात लोगों की मौत हो गई थी और चार गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना के बाद राज्य में शासन की ओर से जर्जर छात्रावासों की सुरक्षा को लेकर व्यापक दिशानिर्देश जारी किए गए थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी सख्ती दिखाते हुए जोखिम वाले भवनों को सुधारने अल्टीमेटम दिया था। इसके बावजूद अफसरों ने इस दिशा में ठोस प्रयास नहीं किया, जिस वजह से प्रदेश में कई स्थानों पर जर्जर छात्रावासों में ही छात्र रहने पर विवश हैं।

धमतरी-दीपनारायण शर्मा/ राजनांदगांव-हफीज खान/ जगदलपुर - शैलेन्द्र पांडेय/ भिलाई-दुर्ग-देवीलाल साहू की विशेष रिपोर्ट

छात्रावासों की बदहाल स्थिति, सुधारने के फरमान के बावजूद भी नहीं बदले हालात

छत से कांक्रीट, दीवार से झड़ रहे प्लास्टर

⏭ धमतरी

प्री-मेट्रिक और पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावासों की स्थिति इतनी दयनीय है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिसके चलते एक छात्रावास को खाली कर दिया गया है जबकि दूसरे में गिने-चुने बच्चे रह गए हैं। बाकी दुर्घटना के डर से पलायन कर गए हैं। दिल्ली में एक पीजी छात्रावास में हुई दुर्घटना में कई छात्रों की मौत की गूंज पूरे देश में है, लेकिन धमतरी में इस घटना से कोई सबक नहीं लिया गया। प्री मैट्रिक छात्रावास की जर्जर स्थिति के बावजूद इसी भवन में छात्रों को रखा गया है, जबकि इसी भवन के समकालीन बने पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति छात्रावास के भवन की स्थिति को देखते हुए छात्रों को हटकेशर छात्रावास में शिफ्ट कर दिया गया है। प्री-मैटिक अनुसूचित जाति छात्रावास जर्जर भवन में संचालित है। भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए पालक इस छात्रावास में अपने बच्चों को रखना नहीं चाहते हैं। यही कारण है कि इस छात्रावास में छात्रों की संख्या मात्र 7 है। छात्रावास की छत से कांक्रीट और दीवार से प्लास्टर उखड़ गए हैं। शौचालय और बाथरूम की स्थिति तो और भी खराब है। आए दिन छत से कांक्रीट गिरने के कारण हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि जोधापुर स्थित यह छात्रावास भवन पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास भवन के साथ बनाया गया था। पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के छात्रों को तो स्थानांतरित कर दिया गया है, जबकि प्री-मैट्रिक छात्रावास के छात्रों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।





हरिभूमि लाइव

शासन ने दिए थे ये निर्देश

सभी हॉस्टल, पीजी, कोचिंग सेंटर, स्कूल और बड़े शैक्षणिक भवनों का तत्काल निरीक्षण और सेफ्टी ऑडिट कराया जाए। पुराने और जर्जर भवनों की विशेष रूप से जांच की जाए। खासकर स्कूल, पुस्तकालय, छात्रावास और अन्य सार्वजनिक भवनों की। जिन भवनों में जान-माल के लिए खतरा या गंभीर जोखिम मिले, उन्हें चिन्हित कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। अधिकारियों को कहा गया कि किसी दुर्घटना या शिकायत का इंतजार न करें, बल्कि संभावित खतरे पहले से पहचानकर कार्रवाई करें। जोखिमपूर्ण भवनों की जांच या कार्रवाई में लापरवाही होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की बात कही गई थी।

टिन शेड वाला 50 साल पुराना जर्जर छात्रावास आज भी ठसाठस



⏭ जगदलपुर

समय के साथ शिक्षा की सुविधाएं बस्तर के दूरस्थ इलाकों तक पहुंची हैं। ब्लॉक स्तर पर हाईस्कूल और कॉलेज खुलने से अब ग्रामीण विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए पहले की तरह शहर का रुख नहीं करना पड़ता। इसके बावजूद शहर का करीब पांच दशक पुराना नेहरू छात्रावास ⏭ शेष पेज 5 पर

बारिश में टपकती है छत, खतरे में रहते हैं बच्चे

⏭ राजनांदगांव

शहर के महेश नगर में संचालित पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के कई कमरों की छत जर्जर हो चुकी है। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता है और दीवारों में सीपेज नजर आता है। इस भवन के कई हिस्से जर्जर होने के कारण यहां बच्चे खतरों के बीच रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रावास की जर्जर भवन को लेकर शिकायतों के बाद भी इस पर कार्रवाई नजर नहीं हुई है। इसके चलते बच्चे खतरों के साये में रहना पड़ रहा है। आदिवासी ⏭ शेष पेज 5 पर



हादसे का खतरा

इस जर्जर छात्रावास में नए भवन की दरकार भी लंबे समय से महसूस की जा रही है, लेकिन ऊपरी तौर पर रंग रोगन कराकर खामियों को ढकने का प्रयास किया जाता है। छात्रावास भवन परिसर बाहर से ही देखने में जर्जर दिखाई देता है। ऐसे में समय पर भवन की मरम्मत नहीं होने से कभी भी हादसा हो सकता है।

नगर निगमों के पास पीजी का कोई रिकॉर्ड नहीं

⏭ भिलाई-दुर्ग

दुर्ग जिले में निजी पीजी और हॉस्टलों का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इनकी निगरानी व्यवस्था सवालों के घेरे में है। जानकारी के अनुसार जिले में 200 से अधिक निजी पीजी और हॉस्टल संचालित होने का अनुमान है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि नगर निगम अधिकारियों के पास इनके संचालन और संख्या से संबंधित कोई एकीकृत डेटा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इन संस्थानों में रहने वाले बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं की निगरानी कौन कर रहा है? भिलाई शहर में सुपेला, स्मृति नगर, नेहरू नगर, कोहका, जुनवानी, वैशाली नगर, सेक्टर-10, जवाहर नगर, खुर्सीपार, शांति नगर, रामनगर राधिका नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रामनगर, वैशाली नगर मैत्री नगर, मैत्री कुंज, ⏭ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

कंपनियां खुद बढ़ा सकेंगी हवाई किराया

नई दिल्ली। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार आगामी त्योहारी मौसम की व्यस्त मांग के बीच हवाई किराए पर किसी तरह की सीमा नहीं लगाएगी, लेकिन एयरलाइन कंपनियों को टिकट के दाम उचित स्तर पर रखने की सलाह देगी।



रानी मुखर्जी की मां कृष्णा का निधन

मुंबई। अभिनेत्री रानी मुखर्जी की मां कृष्णा मुखर्जी का 75 वर्ष की उम्र में मंगलवार दोपहर निधन हो गया। फिल्म निर्माण कंपनी यश राज फिल्म्स ने एक बयान में कहा, "अत्यंत दुखी मन से हम यह सूचित करना चाहते हैं कि रानी मुखर्जी की मां कृष्णा मुखर्जी (75) का आज दोपहर निधन हो गया।"

1 करोड़ की ड्रग तस्करी नाइजीरियन गिरफ्तार

इंदौर। राजस्व आसूचना निदेशालय ने एक करोड़ रुपए से ज्यादा के मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में नाइजीरिया की 24 वर्षीय महिला को इंदौर में गिरफ्तार किया है। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर विदेशी महिला को इंदौर के तीन इमली चौराहे के पास रोका गया, जब वह बस के जरिये पुणे जाने वाली थी।

ट्राई का नया फरमान

डाटा अनिवार्य नहीं, अब कॉल एसएमएस वाले खास रीचार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों के लिए 'वॉयस कॉल' और 'एसएमएस' के अलग से सस्ते शुल्क वाले वाउचर जारी करना अनिवार्य कर दिया है। नए नियम के तहत इन सेवाओं के साथ डेटा यानी इंटरनेट प्लान लेने की जरूरत नहीं होगी। दूरसंचार नियामक के इस कदम से ग्राहकों को कम लागत पर फोन में सिर्फ वॉयस कॉल और एसएमएस की सेवाएं मिल सकेंगी। कंपनियों को केवल 'वॉयस कॉल' और एसएमएस के लिए अलग 'प्लान' भी उपलब्ध कराने होंगे।

30 दिन की होगी वैधता: नए नियमों के तहत दूरसंचार कंपनियों को 30 दिन से अधिक वैधता वाला कम से कम एक एसटीवी भी उपलब्ध कराना होगा। जो वॉयस, एसएमएस और डेटा वाले एसटीवी की वैधता अवधि के अनुरूप हो।

ग्राहकों को मिलेगी राहत

इस कदम से ग्रामीण क्षेत्रों और अधिक भुगतान नहीं कर पाने वाले ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद है। ट्राई ने कहा कि यह फैसला उसके उस अवलोकन के बाद लिया गया है जिसमें पाया गया कि दूरसंचार कंपनियां अलग-अलग वैधता अवधि वाले वॉयस, एसएमएस और डेटा के एसटीवी तो उपलब्ध कराती हैं।

सरकार ने लागू किए नए नियम

साबुन हो या टूथपेस्ट, पैकेट में दिखेगा वेज-नॉनवेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट और कॉस्मेटिक्स खरीदते समय अब ग्राहकों के लिए यह पहचानना आसान होगा कि प्रोडक्ट शाकाहारी मूल का है या गैर-शाकाहारी मूल का। सरकार ने पैकेज्ड कॉस्मेटिक और अन्य संबंधित उत्पादों की लेबलिंग को लेकर नियमों में बदलाव किया है। नए नियम 21 सितंबर 2026 से लागू हो गए हैं। नए नियम के तहत प्रोडक्ट की पैकेजिंग पर वेज और नॉन-वेज मूल की पहचान के लिए ⏭ शेष पेज 5 पर



क्या इसका मतलब प्रोडक्ट की गुणवत्ता भी पता चलेगी?: हरी या लाल-भूरी बिंदी प्रोडक्ट की गुणवत्ता, सुरक्षा या असरदार होने की रेटिंग नहीं है। यह सिर्फ उसके वेजिटेरियन या नॉन-वेजिटेरियन मूल की पहचान के लिए है।

ग्राहकों के लिए क्या बदलेगा?

इस बदलाव का सबसे सीधा असर प्रोडक्ट चुनने की जानकारी पर पड़ेगा। अभी किसी कॉस्मेटिक या पर्सनल केयर प्रोडक्ट में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्रियों के स्रोत को समझना आम ग्राहक के लिए आसान नहीं होता। पैकेट देखते ही यह पता चल सकेगा।



अनंत नाग को मिला दादासाहेब फाल्के पुरस्कार

कार्तिक-ममूटी बेस्ट एक्टर, यामी बेस्ट एक्ट्रेस

एजेंसी ⏭ एकतानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को भारतीय सिनेमा की शीर्ष हस्तियों को वर्ष 2024 के लिए 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस दौरान दिग्गज कन्नड़ अभिनेता अनंत नाग को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया, जबकि यामी गौतम, ममूटी और कार्तिक आर्यन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। आदित्य सुहास जांभले द्वारा निर्देशित ⏭ शेष पेज 5 पर

राष्ट्रपति बोलीं- फेमस स्टार हानिकारक चीजों का प्रचार न करें: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मैं चाहूंगी कि प्रत्येक ज्यूरी पैनल में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। फिल्म कलाकार बहुत लोकप्रिय होते हैं, उनमें देशवासियों विशेषकर युवाओं को प्रभावित करने की क्षमता होती है। मैं ये अनुरोध करना चाहूंगी कि लोकप्रिय कलाकार स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थों का एंडोर्समेंट न करें।



72 साल में 7 से 45 अवॉर्ड

साल 1954 में नेशनल फिल्म अवॉर्ड सिर्फ 7 पुरस्कारों से शुरू हुए थे, अब 72 साल बाद 45 पुरस्कार दिए गए। इनमें 26 फीचर फिल्म, 16 नॉन-फीचर फिल्म, 2 सिनेमा पर लेखन और 1 दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड शामिल है।

आर्टिकल 370 को तीन पुरस्कार

'आर्टिकल 370' को कुल तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले, जिनमें सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन शामिल हैं। विजय गांगुली को 'स्त्री 2' के 'आज की रात' गाने के लिए सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी का पुरस्कार मिला।



चिन्हारी
अजय वर्मा

राजसी ठाठ का गवाह रायपुर का टाउन हाल

रायपुर का टाउन हाल शहर का ऐतिहासिक इमारत है। अंग्रेजों ने इसे सन 1887 में बनवाया था। तब इसका नाम महारानी विक्टोरिया के नाम विक्टोरिया हाल रखा गया था। इस भवन में दर्ज शिलालेखों से पता चलता है कि यह बहुत ही कम रकम में बन कर तैयार हो गया था। कुछ राजाओं और महापुरुषों ने हजार दो हजार रूपये दान देकर इसके निर्माण में सहयोग किया था। असल में टाउन हाल रायपुर के कलेक्टोरेट भवन से लगा हुआ बना है। कलेक्टोरेट भवन से लगकर एस पी ऑफिस और पास में कचहरी भी है। इस पूरे परिसर की नींव ही रायपुर के बूढ़ा तालाब के किनारे बने किले के पत्थरों से ही रखी गई थी। बताया जाता है रायपुर के भोंसला राजा कमजोर और लाचार हो चुके



थे। बाहरी आक्रमण वे झेल नहीं पाए। संभवतः अंग्रेजों के आने के पहले वे महाराष्ट्र लौट गए थे। राज परिवार से कुछ बच गए होंगे तो उन्होंने रायपुर के ग्रामीण इलाके में बसना पसंद किया होगा। बहरहाल किले के मालिकाना हक का कोई दावेदार अभी तक सामने नहीं आया। सुनसान से पड़े उनके किले को तोड़कर अंग्रेजों ने अपना प्रशासनिक परिसर तैयार कर लिया था। महल की जगह अब मजार बन चुकी है। इस मजार का नाम किले वाले बाबा मजार रखा गया है। अंग्रेजों और वर्तमान भारत का यह प्रशासनिक परिसर बड़े बड़े मजबूत पत्थरों से तैयार किया गया था, जो जस की तस वैसी ही खड़ी है। कुछ समय पहले कचहरी छोटा पड़ने लगा तब उसे तोड़ कर नया बनाया गया। तब इसका खुलासा हुआ कि अंग्रेजों ने रायपुर में अपना प्रशासनिक परिसर बनाने में जमकर कंजूसी बरती थी। किले को तोड़ कर पत्थर जुटाए और भारतीयों से चंदा बटोर कर इमारत बना ली।

ऐतिहासिक
आशा ध्रुव

गोंड राजाओं के काल में गढ़ों की रचना



गोंड राजाओं के कार्यकाल में गढ़ों और परकोटों की रचना प्रमुखता से पूरब पश्चिम मुख्य प्रवेश द्वार स्थापित किए। हर गढ़ में प्रवेश द्वार पूर्व और पश्चिम ही देखने में आया है। गोंडवाना संस्कृति में माना जाता है कि पूर्व और पश्चिम दिशा वास्तु के अनुसार अनुरूप होता है। वास्तविक रूप में इसे स्वीकार भी किया गया है। इतना ही नहीं गोंडवाना की सीमा में आने वाले गांव और शहर में बसे लोग भी अपने निवास का मुख्य द्वार पूर्व और पश्चिम ही रखते हैं। आज भी जितने गढ़ और महल के प्रवेश द्वार भी इन्हीं दिशा में बने दिखाई देते हैं। गोंडी संस्कृति के अनुसार उत्तर द्वार को (जीव द्वार) तथा दक्षिण द्वार को (देव द्वार) कहा जाता है। गोंड समुदाय के गंडजीव जब तक जीवित रहते हैं तब तक वे वेन रूप में होते हैं और मरणोपरांत पेनरूप में हो जाते हैं। शादी विवाह का मंडप उत्तर द्वार के सामने होता है और उसी द्वार से नव कुल वधु को घर में प्रवेश कराया जाता है। मनुष्य के मृत्यु होने पर शव यात्रा दक्षिण द्वार से निकलती है। सभी धार्मिक संस्कार दक्षिण द्वार के सामने की जाती है। इस तरह प्रवेश द्वार की संरचना को विशेष महत्व दिया जाता था।

सुरता
डा. महेशचंद्र शर्मा

अनेक विषयों के ज्ञाता थे आचार्य सदाशिव दास शर्मा



छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के पड़िगांव में 24 जून 1906 में ज्योतिष एवं कर्मकांड के विद्वान प. भुवनेश्वर दास शर्मा के पुत्र के रूप में बालक सदाशिव का जन्म हुआ। पिता के सानिध्य में रहते हुए बचपन में ही आपने अमरकोष कंठस्थ कर लिया। कर्म कांड की ओर भी धीरे धीरे रुझान बढ़ने लगा। केंद्रीय विद्यापीठ पुरी से 1932 में संस्कृत विषय में उच्च अंकों के साथ उत्तीर्ण की और स्वर्ण पदक प्राप्त किए। काशी की पंडित मंडली प. सदाशिव की प्रतिभा एवं युवावस्था में ही उनके काव्य कौशल से इतने प्रभावित हुए कि उन्हें अभिनव कालिदास की उपाधि दी गई। रायगढ़ नरेश चक्रधर सिंह ने उनकी प्रतिभा को प्रणाम करते हुए 1938 में विधिवत राज पंडित के पद पर अभिषित किया। पंडितजी ने कुछ समय तक नटवर स्कूल रायगढ़ और जुबली संस्कृत विद्यालय रायगढ़ में संस्कृत का अध्यापन किया। अनेक पत्र पत्रिकाओं में आपके लेख में प्रकाशित होते रहते थे। आपने संस्कृत में संतानवल्ली, कोकिलशतकम, रत्नपुरम प्रति, गोपी विलास और राधामाधवीयम की रचना की। साहित्य, वेद, धर्म, दर्शन, और उपनिषद के अतिरिक्त संस्कृत के विविध विषयों में आपकी विशेषज्ञता का लोहा अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलनों में भी माना गया। आपने छत्तीसगढ़ और ओडिशा में अपनी सेवाएं दी। आप रायगढ़ के बैकुंठपुर मोहल्ले में रहते हुए 1972 में बैकुंठ के लिए प्रस्थान किए।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

शुरुआती दौर के कुछ चर्चित शिष्ट लोक नाट्य

लोक नाट्य
डा. उग्रसेन कन्नौजे



छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य की एक धारा लिखित नाट्य परंपरा के रूप में आधुनिक प्रकृति है। इसमें छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य का संस्कार और हिन्दी नाटकों के मंचन का प्रभाव प्रमुख है। छत्तीसगढ़ी व्याकरण में हीरालाल काव्योपाध्याय ने ग्रामीणों के वार्तालाप को संग्रहित करके छत्तीसगढ़ी नाटकों को प्रारंभिक रूप में प्रस्तुत किया। इसके बाद सन 1905 के हिन्दी मास्टर में प्रकाशित कलिकाल बिलासपुर अंचल के लोचन प्रसाद पाण्डेय द्वारा प्रणीत छत्तीसगढ़ी नाटक है। जिसकी बोली क्षेत्र चंद्रपुर के आसपास की है। प. शुकलाल प्रसाद पाण्डेय की केकरा धरईया हास्य प्रधान एकांकी है। इनकी उपसहा दमाद बाबू और असीसी देवईया प्रहसन लोकप्रिय रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद बिलासपुर अंचल से प्रकाशित एकांकी नाटकों में डा. रामलाल कश्यप कृत कृष्णार्जुन युद्ध (1965) आंचलिक संस्करण है। डा. कश्यप कृत द्वितीय नाटक रतनपुर अभी भी अप्रकाशित है। बाबूलाल सीरिया एकांकी की दृष्टि से प्यारेलाल गुप्त की चिंगारी के फूल (1958) में प्रकाशित दू सौत महत्वपूर्ण है। लखनलाल गुप्त की सरग ले डोला आइस में बारह कहानियों के साथ बेटी के मंसूबा और परेमा (1998), कपिलनाथ कश्यप कृत अंधियारी रात (1993), नवा बिहान (1944), महत्वपूर्ण हैं।



गांव की कहानी: डा. ऋषिराज पाण्डेय

गढ़ के रूप में मान्यता मिली भटगांव को



दक्षिण कोसल के अधिपति रतनपुर नरेश राजा जाजल्यदेव ने भटगांव राज्य को भी जीत लिया। राजा जाजल्य देव ने सेनापति जगत साय से प्रसन्न होकर उन्हें भटगांव को नई राजधानी बनाने का आदेश दिया। साथ ही उन्हें भटगांव का राजा बना दिया। सेनापति जगत साय राजा के रूप में भटगांव में गढ़ बना कर निवास करने लगे। उसने जिस गढ़ का निर्माण किया था वह आज भी भग्नावशेष के रूप में विद्यमान है। इस वृहत गढ़ के भीतर ही भटगांव क़स्बा बसा हुआ है। इसके चारों ओर खाई है। इसके उत्तर दिशा में आवागमन का मुख्य मार्ग है। प्रतीत होता है कि पूर्व में यह खाई बहुत गहरी थी। संभवतः इसी भटगांव गढ़ में सेनापति जगतसाय ने राजा जाजल्य देव के साथ राज्य का विस्तार किया था।

उसने भटगांव से लगे फुलझर समेत समस्त पश्चिम ओडिशा के सोमवंशीय राजाओं को परास्त कर सकल कोसल की स्थापना करते हुए कलचुरियों की विजय ध्वजा फहराई थी। भटगांव के समीप आग्नेय कोण में हिंगलाज देवी (नकटी देवी) की स्थापना है। यहां चैत पूर्णिमा को एक दिवसीय मेला भरता है।

लोक साहित्य
डा. विनय कुमार पाठक

निबंधकार के रूप में मुकुटधर पाण्डेय जी की व्याख्या



पंडित मुकुटधर पाण्डेय जी के निबंधों में द्विवेदी युगीन विशिष्टताओं के साथ ही आचार्य शुक्ल के समानांतर नई समीक्षात्मक दृष्टि मिलती है। इतिहासकारों ने शुक्लोत्तर युग की हिन्दी प्रवृत्ति के एक अंक को कवि-समीक्षक के रूप में रेखांकित किया है। यह कवि-समीक्षक मूलतः कवि थे, लेकिन रचना कर्म के समानान्तर इनके विचार अनायास समीक्षा के रूप में निःसृत हुए। इस सन्दर्भ में निवेदन है कि पंडित पाण्डेय द्वारा लिखित एवं श्री शारदा (1920) में धारावाहिक निबंध के रूप में छायावाद शीर्षक से प्रकाशित ऐतिहासिक विवेचनान्तर्गत छायावाद को जानने समझने का अवसर मिला। यह निबंध उनके समीक्षक और चिंतक होने का प्रमाण तो है ही, विवादग्रस्त और मत मतान्तरों में उलझे फंसे छायावाद को परिभाषित करने के शुभ संकेत और काव्य में नव आयाम निरुपित करने के दस्तावेज भी हैं। हिन्दी की लगभग आठ दशक की सेवा साधना से संपृक्त पंडित पाण्डेय राष्ट्रीय भाव धारा के समानान्तर आंचलिक प्रवृत्ति से ओतप्रोत अलौकिक साधक सिद्ध हुए हैं। कवि के रूप में इनका मूल्यांकन हुआ है लेकिन निबंधकार व समीक्षक के रूप में इनका मूल्यांकन कम हुआ है।

परब विशेष: डा. नीलकंठ देवांगन

पितरों के प्रति अभिव्यक्ति का पर्व श्राद्ध



आश्विन (क्वार) महीना का कृष्ण पक्ष पितृ पक्ष के रूप में मनाया जाता है। माना जाता है कि इस पक्ष में पितर लोक का द्वार खुल जाता है और पितर अपने संतानों को देखने पृथ्वी लोक में विचरण करते हैं। यह पर्व सांसारिक जीवन को सुखमय बनाता है, परलोक भी सुधारता है। इस पर्व में तरोई के पत्तों और फल की सब्जी का विशेष महत्व है। पत्तों से पितरों को जल अर्पण किया जाता है और भोजन परोसा जाता है। इसके साथ ही अनाज, अक्षत, पिंड, उड़द, तिल, जौ, पुष्प, कुश और दूर्वा से विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाती है। पंद्रह दिनों तक दिवंगत परिजनों में बच्चे, बूढ़े, महिला और पुरुष के



संसार छोड़ने की तिथि में तर्पण किया जाता है। सभी पितरों को अमावस्या तक तर्पण किया जाता है इसलिए इस दिन को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या कहा जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस पक्ष का सम्बन्ध मृत्यु से है इसलिए पितृ पक्ष को अशुभ माना जाता है। इस कारण मांगलिक, शुभ कार्य, देवी देवताओं की पूजा के अलावा नए वस्त्र धारण करना, व्यापार आरंभ करना, नए वाहन, भूमि, आभूषण खरीदना वर्जित माना जाता है। पूजा के समय चौक पूरा जाता है चौक के पश्चिम कोना में गाय के लिए, दक्षिण में कुत्ता के लिए, उत्तर में कौए के लिए, पूर्व में चींटी के लिए और मध्य में देवों के लिए सामग्री अर्पित किए जाते हैं।

जमुई, लड़की को बैड टच करने वाले का एनकाउंटर

पटना। बिहार के जमुई में नाबालिग छात्रा से बदसलूकी करने वाले मुख्य आरोपी नंदन यादव का पुलिस ने एनकाउंटर किया है। उसने मंगलवार को पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों की माने तो आरोपी उसी मड़वा पहाड़ी के आसपास छिपा हुआ था, जहां दोनों स्टूडेंट घूमने गए थे। पुलिस के मुताबिक वायरल वीडियो में लाल गमछा पहने दिख रहा युवक नंदन है। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपियों की उम्र 35 से 40 साल हैं, जबकि तीन नाबालिग हैं। इसके अलावा वीडियो वायरल करने वाले 3 आरोपी हैं।

- भागने के दौरान पुलिस ने पैर में गोली मारी; अब तक 8 गिरफ्तार

मार्क1ए विमानों को व्यापक परीक्षणों के बाद स्वीकार करेगी वायुसेना

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस मार्क1ए की डिलीवरी में लगातार हो रहे देरी के बीच मंगलवार को उप-वायुसेनाप्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि एचएएल में विमानों में इंजन लगाने का काम लगभग पूरा हो गया है। अब इनसे जुड़ी व्यापक जांच और परीक्षणों की प्रक्रिया चल रही है।

तरंगशक्ति युद्धाभ्यास भारत ने चीन, सऊदी को नहीं दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। पाकिस्तान से लगी हुई देश की पश्चिमी-सीमा पर स्थित राजस्थान के जोधपुर एयरबेस पर 26 सितंबर से 12 अक्टूबर तक भारत की मेजबानी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का 'तरंगशक्ति युद्धाभ्यास-2026' होगा। जिसमें अमेरिका के पांचवी पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान एफ-35 सहित कुल 7 देशों की वायुसेनाओं की भागीदारी देखने को मिलेगी। लेकिन इसमें चीन और सऊदी-अरब शामिल नहीं होगा।

यूएनजीए के 81वें सत्र से इतर भारत के साथ हुई पहली बैठक

यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता की मांग को मिला 'विसेग्राड समूह' का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत द्वारा लंबे वक्त से की जा रही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता की मांग के मामले पर एक अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें यह पता चला है कि अब इसे लेकर नई दिल्ली को मध्य-यूरोप के चार देशों ने अपना खुला समर्थन प्रदान किया है। आमतौर पर चेक गणराज्य, हंगरी, पोलैंड और स्लोवाकिया जैसे इन देशों को 'विसेग्राड समूह या वी4' के नाम से जाना जाता है। बीते सोमवार देर रात न्यूयॉर्क में वी4 के साथ भारत की विदेश मंत्रियों की पहली बैठक हुई है। जिसमें डॉ.एस.जयशंकर ने शिरकत की। ये जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी दी है। यहां बता दें कि जयशंकर पिछले रविवार को महासभा के सत्र में भाग ले रहे भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। वी4 से पहले भारत को जी4 (जापान, ब्राजील, जर्मनी शामिल) देश भी परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए अपना समर्थन दे चुके हैं।

जयशंकर ने बैठक को बताया एक नया ऐतिहासिक अवसर, बोले-एक वार्षिक व्यापार मंच बनेगा, सालाना मिलेंगे विदेश मंत्री



स्लोवाकिया के विदेश मंत्री ने किया ऐलान

बैठक के बाद स्लोवाकिया के विदेश मंत्री जुराज ब्लानार ने कहा कि हम सभी समूह देश इस बात पर सहमत हैं कि वैश्विक दक्षिण का एक हिस्सा होने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती हुई एक महाशक्ति के रूप में भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर मौजूद होना चाहिए। गौरतलब है कि भारत की स्थायी सदस्यता को पहले ही परिषद के पांच में से चार स्थायी सदस्यों (अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन) ने अपना समर्थन प्रदान कर दिया है।

समूह संग करेंगे विशेष पहल

डॉ.एस.जयशंकर ने अपने संबोधन में पी4 के साथ हुई बैठक को एक ऐतिहासिक अवसर करार देते हुए कहा कि आज की हमारी वार्ता बेहद उपयोगी और सार्थक रही है। एक ओर जब हमारे संबंध यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ काफी मजबूत होते जा रहे हैं। तो दूसरी ओर हम वी4 के साथ भी कुछ विशेष पहल करेंगे। पांचों देश मिलकर एक वार्षिक व्यापार मंच स्थापित करेंगे, सालाना आधार पर विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। वहीं, बैठक के दौरान सभी भागीदारों ने राजनीतिक, आर्थिक और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। विदेश मंत्री के मुताबिक, समूह देशों के साथ भारत का एक सशक्त इतिहास रहा है।

बैठक में शामिल हुए वी4 के ये प्रतिनिधि

बैठक में जयशंकर के अलावा पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री राडेक सिकोरस्की, हंगरी की उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अनिता ओर्बान, स्लोवाकिया के विदेश-यूरोपीय मामलों के मंत्री जुराज ब्लानार और चेक गणराज्य के विदेश मंत्री पेट्र मैकिन्का शामिल हुए। दरअसल, ये समूह एक सांस्कृतिक और राजनीतिक गठबंधन है। जिसका हकीकत में उद्देश्य सैन्य, आर्थिक, सांस्कृतिक और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग को एक नई ऊंचाई प्रदान करना है। उन्होंने कहा, वी4 के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं। यह ऐसे देश हैं, जो औद्योगिक अर्थव्यवस्थाएं हैं। नवाचार, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इनकी प्रतिभा किसी से छिपी हुई नहीं है। ऐसे में अब इन्हें तय करना है कि ये कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं?

कार्रवाई शुरू करने से पहले प्रशासनिक जांच है जरूरी कानून के उलट फैसला

एससी एसटी एक्ट से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान माना कि एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) एक्ट-1989 के तहत सरकारी कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने से पहले प्रशासनिक जांच जरूरी है। कोर्ट ने इस कड़े कानून के तहत तमिलनाडु के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस और एक सब-इंस्पेक्टर के खिलाफ चल रही कार्रवाई को रद्द कर दिया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने जननिप्रिया और एक अन्य शख्स की अपील पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि मामले में स्पेशल कोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट की धारा 4 के प्रावधान के उलट, बिना किसी प्रशासनिक जांच के एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था।



यह की गई थी कार्रवाई

कोर्ट ने कहा कि चूंकि एससी-एसटी एक्ट की धारा 4 के प्रावधान के तहत जरूरी प्रशासनिक जांच नहीं की गई थी, इसलिए कार्यवाही जारी रखने का कोई कारण नहीं था। अपीलकर्ताओं के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट की धारा 18ऐके तहत कार्यवाही की गई थी। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में फर्स्ट एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज के आदेश के आधार पर, 18 दिसंबर 2025 को त्रिची जिले के पुथानाथम पुलिस थाने में एससी-एसटी एक्ट की धारा 4 और आईपीसी की धाराओं 161 और 167 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

जांच में एसआई ने पाया था मामला झूठा

सब-इंस्पेक्टर ने शुरुआती जांच की और पाया कि यह मामला झूठा है। आरोप सिर्फ एक सिविल विवाद के बाद जवाब देने के लिए लगाए गए थे। डीएसपी ने सब-इंस्पेक्टर की शुरुआती जांच को मंजूरी दे दी और कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद शिकायतकर्ता क्रिमिनल प्रोसीजर कोड- 1973 की धारा 156(3)जो बीएनएसएस की धारा 175(3) के समकक्ष है के तहत स्पेशल कोर्ट गया।

Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in

PUBLIC NOTICE

In exercise of power vested under section 181 of the Electricity Act 2003 (36 of 2003), the Commission has prepared draft of Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission (Grid Interactive Distributed Renewable Energy Sources) (Third Amendment) Regulations, 2026.

Copy of Draft Regulations is available on the website-www.cserc.gov.in.Considered views/comments/suggestions of the stakeholders/public are invited by 13.10.2026 and public hearing will be held on 14.10.2026 at 11.30 AM at the Commission's office.

"SAVE ELECTRICITY" **SECRETARY**

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)

E-Procurement Tender Notice

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(FIRST CALL)

SYSTEM TENDER NO. **199532**/NIT No.: **01/SAC/26-27**
Dated: **18.09.2026**

Online Tenders are invited for the following work up to 09.10.2026 at 17.30 Hours.

Name of work - Construction of V.R.B. and Extension of C.D. & Remodelling and Lining of Nagri Distributary from R.D. 10000 m. to 17000 m. at Block Nagri, District Dhamtari.

Probable Amount of Contract: - Rs. 825.77 Lakhs (Excluding G.S.T.)

(As per S.O.R Enforced from dated 01.08.2010 and amended on dated 23.04.2016).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 25.09.2026, at 17.31 Hours. (IST) onwards.

NOTE :- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. Prequalification Certificates issued by Water Resources Department whose validity is upto 30.09.2026 is applicable in this tender.

Executive Engineer
M.R.P. Dam Division No. 2,
RudriFor, Chief Engineer,
Mahanadi Project Raipur (C.G.)

G-262703422/4

कमांडेंट कार्यालय :: मुख्या.178 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल की दुर्गुकोंदल, छत्तीसगढ़
सं. प्रोव./178 बटा./नीलामी/520/2026/18771-805 दिनांक, 18 सितंबर 2026

नीलामी सूचना

निम्नलिखित अनुपयोगी/अनुपयोगी सामानों की सार्वजनिक नीलामी **28 सितंबर 2026 को सुबह 10:00 बजे** सीमा सुरक्षा बल की 178 बटालियन, दुर्गुकोंदल, कांकेर (छत्तीसगढ़) स्थित सामरिक मुख्यालय में आयोजित की जाएगी।

1. एमटी स्टोर
2. निर्माण शाखा की वस्तुएं
3. क्यू-स्टोर
4. यूनिट एमजी स्टोर
5. राशन पीएम स्टोर
6. आईटी शाखा की वस्तुएं
7. **पुराने समाचार पत्र/पत्रिकाएं**

नियम एवं शर्तें:-

1. सभी इच्छुक बोलीदाता स्वयं या वैध पावर ऑफ अटॉर्नी रखने वाले किसी व्यक्ति के माध्यम से नीलामी में बोली लगा सकते हैं।
2. प्रत्येक बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने से पहले बैंक ड्राफ्ट या नकद के रूप में 10,000/- रुपये की अग्रिम राशि जमा करनी होगी। **बैंक ड्राफ्ट कमांडेंट 178 बटालियन बीएसएफ के नाम पर तैयार किया जाना चाहिए और कमांडेंट 178 बटालियन बीएसएफ - सरकारी निधि, खाता संख्या 37698039268 एवं IFSC कोड-SBIN0002922** में देय होना चाहिए। नीलामी की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अग्रिम राशि समायोजित/वापस कर दी जाएगी।
3. प्रत्येक बोलीदाता के पास मूल पैन कार्ड, पिछले आयकर रिटर्न का प्रमाण और जीएसटी पंजीकरण की प्रति होनी चाहिए। बोर्ड ऑफ ऑफिसर्स द्वारा इनकी जांच और सत्यापन किया जाएगा, अन्यथा उन्हें नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
4. सभी बोलीदाताओं को अपना नाम दर्ज कराने और सीमा सुरक्षा बल (बीएफओ) बीओओ द्वारा दस्तावेजों के सत्यापन के लिए **28 सितंबर 2026 को सुबह 9 बजे तक** सामरिक मुख्यालय 178 बटालियन सीमा सुरक्षा बल में उपस्थित होना होगा।
5. उच्चतम बोलीदाता को नीलामी में बिकने वाली अनुपयोगी वस्तुओं को 24 घंटे के भीतर अपने स्वयं के प्रबंध से ले जाना होगा।
6. उच्चतम बोलीदाता को नीलामी मूल्य और लागू जीएसटी का भुगतान तुरंत करना होगा।
7. यदि उच्चतम बोलीदाता नीलामी मूल्य को नकद या आरटीजीएस/एनईएफटी/सीबीएस के माध्यम से यूनिट के सरकारी बैंक खाते में जमा करने में विफल रहता है, तो उसकी अर्जित राशि 10,000 रुपये जब्त कर ली जाएगी।
8. कमांडेंट 178 बटालियन बीएसएफ बिना कोई कारण बताए सभी बोलियों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
9. सफल बोलीदाता को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध बैटरी रीसाइक्लर पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. नीलामी के समय यदि कोई अन्य नियम और शर्तें हों तो उनकी घोषणा की जाएगी।

उप कमांडेंट/क्यूएम
कृते /- कमांडेंट
178 बटा.बीएसएफ

cbc19110/11/0050/2627

भारत सरकार

डॉक्टर साहब, आप तुरंत इलाज शुरू करिए... पैसों की चिंता मत करिए

क्योंकि अब हमारे साथ है आयुष्मान भारत का भरोसा

- 60+ करोड़ ज़रूरतमंदों को ₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज
- 70+ आयु के 6 करोड़ बुजुर्गों को भी आयुष्मान भारत की सुविधा
- लाभार्थियों को ₹2 लाख करोड़ की सीधी बचत हुई
- 13+ करोड़ हॉस्पिटल एडमिशन

देशभर में 38,000 से अधिक अस्पतालों में इलाज की सुविधा

1.86 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 60+ जाँच और 150+ दवाइयां फ्री

लाभार्थी को अपने राज्य से बाहर भी देश के किसी भी हिस्से में इलाज की सुविधा

कैंसर, हार्ट और ऑर्गन ट्रांसप्लांट जैसी गंभीर बीमारियों के लिए भी 100% कवरेज



CBC 17180/13/0009/2627

अपनी पात्रता अभी जांचें: Ayushman App | beneficiary.nha.gov.in टोल-फ्री 14555

फेक वीडियो मामला : कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता के खिलाफ कोर्ट में याचिका पेश

धमतरी । भाजपा प्रशिक्षण वर्ग के झंडारोहण के वीडियो को एडिट कर 15 अगस्त का मुख्य समारोह का बताकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था। इस मामले को लेकर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर सहित अन्य भाजपाई कोर्ट पहुंचे और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत एवं बिहार की सोशल मीडिया एनफ्लूएंसर नेहा सिंह राठौर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए याचिका पेश की।

धमतरी के गवर्नमेंट ब्वायज स्कूल में 15 अगस्त को धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने इस राष्ट्रीय पर्व पर तिरंगा झंडा फहराया था। कुछ दिनों बाद सोशल मीडिया पर एक फेक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें श्री चंद्राकर को भारतीय जनता पार्टी का झंडा स्वतंत्रता दिवस समारोह में फहराते हुए दिखाया गया था।

राशन दुकान से राइस मिल पहुंचा सरकारी चावल जांच में मिला 10 हजार किलो से ज्यादा का अंतर

संदीप शुक्ला ⏭ रायपुर

सरकार जिस चावल को महंगे दाम पर खरीदकर गरीबों और एपीएल कार्डधारकों को सस्ती दर पर देती है, वही चावल राशन दुकानों से निकलकर राइस मिल तक पहुंच रहा है। रायपुर में की गई पड़ताल में राशन दुकान से चावल की बोरियां वाहन में लोड होने, रास्ते में कुछ बोरियां दूसरे वाहन में उतारे जाने और मुख्य वाहन के राइस मिल पहुंचने की तस्वीरें कैमरे में कैद हुई हैं। यह भी पता चला कि कई दुकानों में चावल के बदले पैसा दिया जा रहा है। मामला यहीं तक सीमित नहीं है। अलग-अलग दुकानों की पड़ताल में रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में बड़ा अंतर मिला। प्रशासन की जांच में भी 10 हजार किलो से ज्यादा चावल का अंतर सामने आया है। पड़ताल में यह भी सामने आया की दुकान संचालक हितग्राहियों को इतना परेशान करते हैं कि चावल के बदले पैसा लेने को मजबूर हो जाता है। हितग्राही को एक किलो के बदले 20-22 रुपए मिलते हैं । जबकि राइस मिल मालिक को दुकान संचालक यह चावल 30 रुपए और ज़्यादा भाव में बेचता है ।

केस 1

दुकान से राइस मिल तक चावल

दलदल सिवनी, राशन दुकान क्रमांक 441001059

हरिभूमि की टीम ने इस दुकान का स्टिंग ऑपरेशन किया, जिसमें पता चला कि दुकान से चावल की बोरियां वाहन में लोड की जा रही हैं । वाहन को तिरपाल से ढककर रवाना किया गया। दलदल सिवनी से साइंस सेंटर के सामने से होते हुए विधान सभा रोड में बाएं हाथ में मौजूद राइस मिल पहुंची। बीच रास्ते में दो-तीन बोरियां दूसरे ऑटो में उतारी गईं। मिल में दरवाजे के बाद ही कांटा लगा था, यहाँ पर वजन के बाद उसे मिल परिसर में ले जाया गया। जिसके बाद मिल का दरवाजा बंद कर लिया गया

सवाल है—राशन दुकान से निकला चावल राइस मिल तक क्यों पहुंचा ?



प्रशासन की जांच में खुला खेल

मामला सामने आने के बाद भी खाद्य विभाग के अधिकारी सामने नहीं आ रहे थे । जिला प्रशासन ने एसडीएम नंदकुमार और तहसीलदार की टीम भेजकर दुकानों का स्टॉक जांचा। रिकॉर्ड और भौतिक स्टॉक का मिलान कराया गया। तीनों दुकानों में कुल 10 हजार किलो से ज्यादा चावल का अंतर सामने आया और जिसके बाद संबंधित समूह के खिलाफ प्रकरण बनाया गया।

केस 2

रिकॉर्ड में 10 टन, गोदाम खाली

मोवा, दुकान क्रमांक 1071 और 1171

मोवा में दोपहर में दुकान पर हितग्राहियों की भीड़ थी, लेकिन गोदाम लगभग खाली मिला। संचालक ने चावल नहीं होने और जल्द आने की बात कही। पीडीएस के ऑनलाइन रिकॉर्ड में दोनों दुकानों के नाम पर करीब 10 टन चावल दर्ज था। यानी रिकॉर्ड में हजारों किलो चावल, लेकिन मौके पर खाली गोदाम। टीम ने महिला कर्मचारी से पूछा तो कहा गया चावल आने वाला है । इसके बाद कहा कि सर्वर डाउन है । चावल नहीं होने और सर्वर डाउन होने के बाद भी दुकान में भीड़ पर सवाल पूछने दुकान बंद की जाने लगी और लोगों को वापस भेजा जाने लगा फिर दुकान में तालाबंदी कर दी गई।

केस 3

हितग्राही इंतजार में अंदर चावल नहीं

मधु पिल्ले स्कूल परिसर, पंडरी तराई

दुकान के बाहर 20-25 हितग्राही राशन के इंतजार में थे। अंदर तौल मशीन थी, लेकिन चावल की एक बोरी नहीं मिली। ऑनलाइन रिकॉर्ड के अनुसार दुकान में

4200 सौ किलो चावल होना था पर अंदर एक बोरा भी चावल नहीं था । सवाल वही था कि फिर कतार क्यों लगी है । हितग्राहियों ने चावल के बदले पैसे दिए जाने समेत राशन वितरण को लेकर शिकायतें कीं। बताया कि इतना तंग किया जाता है कि मजबूरी में पैसा लेकर बाहर से राशन खरीदना पड़ता है । खाद्य नियंत्रक ने बताया सरकारी राशन के चावल की खरीद-बिक्री नियमों के खिलाफ है।

केस 4

रिकॉर्ड से ज्यादा चावल, यहाँ भी मिलता है पैसा

दलदल सिवनी, सतनाम भवन के पास

इस दुकान में रिकॉर्ड से ज्यादा चावल मिला। कुछ हितग्राहियों ने चावल के बदले पैसे मिलने की बात कही। संचालिका ने आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि पास की निलंबित दुकान का स्टॉक भी यहां रखा गया है और दोनों दुकानों के हितग्राहियों को यहीं से राशन दिया जा रहा है, जबकि बाहर खड़े युवकों ने बताया कि यहां रेगुलर पैसा मिलता है वो इसलिए बिना झोला लिए आए हैं।

कार्यालय - कृषि उपज मण्डी समिति, जैजैपुर

शासकीय कॉलेज रोड, जैजैपुर, जिला- सक्ती (छ.ग.) 495690

e-mail :- Jaijaipur.mandi@gmail.com

क्र. / मंडी/ निर्माण / 2026-27 / 330 जैजैपुर, दिनांक 21/09/2026

सेण्ड्रीशॉप की नीलामी सूचना

समस्त इच्छुक व्यापारी / व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति जैजैपुर जिला - सक्ती के उप मण्डी प्रांगण हसौद में निर्मित सेण्ड्रीशॉप (दुकान) की नीलामी कृषि उपज मण्डी समिति जैजैपुर के उप मण्डी प्रांगण हसौद में दिनांक 13.10.2026 दिन मंगलवार, समय दोपहर 12 बजे निर्धारित किया गया है। उपमंडी प्रांगण हसौद के सेण्ड्रीशॉप (दुकान) क्रमांक 1 से 6 तक अनारक्षित रखी गई है तथा दुकान क्रमांक 7 एवं 8 एग्री बिजनेस हेतु व दुकान क्र. 09 गौ उत्पाद (दुग्ध, घी, पंचगव्य, कीटनाशक) और दुकान क्र. 10 जैविक उत्पाद परम्परागत रूप से उत्पादित धान की सुगंधित किस्म व लघु धान्य विपणन हेतु आरक्षित रखी गई है। आरक्षित सेण्ड्रीशॉप 'प्रथम आओ, प्रथम पाओ के आधार पर आबंटित किया जाना है। नीलामी शर्तें में दी गई समस्त अभिलेख सहित समस्त दुकान के लिये कार्यालयीन समय में आवेदन दिनांक 09.10.2026 दिन - शुक्रवार, कार्यालयीन समय तक आमंत्रित किये जाते है।

शर्तें :-

(1) सशर्त नीलामी स्वीकार नहीं की जावेगी तथा प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड रायपुर के द्वारा जारी पत्र क्रमांक 6590 दिनांक 23.01.2020 शर्तों के अनुसार नीलामी की कार्यवाही की जावेगी।

(2) आरक्षित दुकान के लिए आवेदनकर्ता को एग्री बिजनेस गौ उत्पाद / जैविकउत्पाद / परम्परागत रूप से उत्पादित धान्य सुगंधित किस्म एवं लघु धान्य फसलो के व्यवसाय का जीवित एवं वैध पंजीयन होना अनिवार्य है साथ ही उपरोक्त व्यवसाय का दो वर्ष का अनुभव तथा विभाग में जमा किये गये वार्षिक रिटर्न जमा करना होगा। आवेदनकर्ता को शपथपत्र देना होगा। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत शासकीय / निजी एवं मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों से कृषि स्नातक को एवं मैनेज (राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान) के अंतर्गत एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस प्रमाण पत्र धारी को प्राथमिकता दी जाएगी। आरक्षित सेण्ड्रीशॉप के किरायेदार से किसी भी प्रकार का अमानत व प्रीमीयम की राशि नहीं ली जावेगी, केवल निर्धारित किराया लिया जावेगा ।

(3) उपमंडी प्रांगण हसौद के अनारक्षित सेण्ड्री शॉप दुकान हेतु अमानत की राशि 52,100 / - निर्धारित किया गया है। जो प्रकाशन दिनांक से दिनांक 09/10/2026 दिन - शुक्रवार, कार्यालयीन समय तक नगद / ड्राफ्ट सचिव कृषि उपज मण्डी समिति जैजैपुर के नाम स्वीकार होगा। अमानत की राशि निर्धारित अवधि के पश्चात जमा नहीं किया जावेगा ।

(4) एक व्यक्ति को एक ही दुकान आबंटित किया जावेगा ।

(5)जिस ब्यवसायी के नाम से राशि जमा की जावेगी वह किसी कारण से नीलामी में उपस्थित नहीं हो पाता तो अपना प्रतिनिधि 50/- के स्टॉम्प पेपर / नोटरी कराकर उस के ओर से बोली लगाने हेतु नियुक्त कर सकता है। जिसे नीलाम होने के पूर्व सक्षम अधिकारी के पास जमा करना होगा ।

(6) उपमण्डी प्रांगण हसौद के अनारक्षित सेण्ड्रीशॉप दुकान हेतु प्रत्येक दुकान का मासिक किराया राशि रू.3,900/- प्रतिमाह होगा ।

(7) उपमण्डी प्रांगण हसौद के नीलामी की शासकीय बोली राशि रू. 1,30,200 /- से प्रारम्भ किया जावेगा तथा अधिकतम बोलीकर्ता को सफल बोली मान्य किया जावेगा।

(8) अन्य शर्तें कार्यालयीन अवधि में मण्डी प्रांगण जैजैपुर जिला - सक्ती में अवलोकन किया जा सकता है।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति जैजैपुर
जिला - सक्ती (छ.ग.)

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति जैजैपुर
जिला - सक्ती (छ.ग.)

S-49130/1

कार्यालय कलेक्टर (जिला निर्माण समिति) जिला नारायणपुर(छ.ग.)

क्रमांक : 557 / जिनिस / 2026-27

नारायणपुर, दिनांक : 18.09.2026

ई-प्रोक्योरमेंट (ऑनलाइन पद्धति) प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

स. क्र.	विवरण	समय एवं दिनांक
1	ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निविदा प्रकाशन	21-09-2026 (सायं 05:00 बजे से)
2	ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	12-10-2026 (सायं 05:00 बजे तक)
3	मूल दस्तावेज / ऑफलाइन दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	16-10-2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	19-10-2026 (अपराह्न 12:00 बजे से)

उपरोक्त निविदा हेतु, निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं है। कार्य पूर्ण करने की समय सीमा, 09 माह। निविदा हेतु सक्षम "डी" श्रेणी एवं उच्च श्रेणी के दस्तावेज आवश्यक हैं।

स.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रु. में)
1	आदिवासी कन्या आश्रम कोंगेरा (शेष निर्माण कार्य)	₹ 63.89	₹ 63,890

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण / जानकारी कार्यालयीन अवधि में (कार्यालय कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, कलेक्टर कार्यालय रोड, घडी चौक के पास जिला नारायणपुर) एवं https://eproc.cgstate.gov.in पोर्टल पर प्राप्त कर सकते है।

सहायक नोडल अधिकारी / कार्यपालन अभियंता
जिला निर्माण समिति
जिला नारायणपुर (छ.ग.)

G-262703435/1

अवैध रेत खनन, ट्रैक्टर ट्राली से ग्रामीणों को कुचलने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के ग्रामीण एवं वनांचल ईलाकों में शासन, प्रशासन और संबंधित विभागों की नाक के नीचे अवैध ढंग से रेत खनन और परिवहन का खेल बदस्तूर जारी है। हद तो यह है कि अब रेत तस्कर रोकटोक करने पर लोगों की जान लेने पर भी अमादा दिखाई दे रहे हैं। इसकी एक बानगी जिले के झलमला थाना क्षेत्र के शीतलपानी गांव में देखने को मिली है। बताया जाता है कि यहां जंगल से रेत चोरी करने वाले एक ट्रैक्टर चालक द्वारा रोकटोक करने पर ग्रामीणों को रौंदने की कोशिश की है। खबर यह भी है कि इस कोशिश में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा पलटी। हालांकि खेत में पानी भरे होने के कारण चालक सुरक्षित बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के झलमला थाना क्षेत्र में इन दिनो स्थानीय नदी, नाले से अवैध रेत खनन का कार्य जोरों से चल रहा है। जिसकी शिकवा शिकायत समय-समय पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से की जाती है लेकिन आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कार्यवाही शून्य है जिसके चलते रेत तस्करों के हौसले बुलंद है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 2835/न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 22/09/26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि. क्र.	कार्य का विवरण	अनु.लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	199789	संजय मैदान विकास कार्य (बचत कार्य) (द्वितीय निविदा)	40.16	07.10.2026
2	199811	CONSTRUCTION OF PULIA INFRONT OF SPRINGVELLY COLONY AT MANGLUDIPA COLONY W.N. 03, 04 (2nd Call)	44.74	07.10.2026
3	199820	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM KAMLA NEHARU GARDEN TO NALA AT W.N. 23 (2nd Call)	37.90	07.10.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि

Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

Wanted- Required teachers for Physics, Chemistry, Biology, Commerce, History, Sociology, Political-Science and Economics. Candidate must be PG with B.Ed English Medium. Principal, Glorious School, Krishna Nagar Near Santoshi Nagar, Raipur. 8226078877, 7987357145.(आरो-213)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड, रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577, 9425522576.(आरो-209)

सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरो न.-4173)

एच आर मैनेजर

Wanted- Required an HR manager for a textile manufacturing plant at Raipur (C.G.)- capable of handling 200-250workers as well as implementing HR policy. Email resume at: vacancy.spintex@gmail.com(आरो-0176)

ड्रायवर

आवश्यकता है- स्कूल बस चलाने हेतु रायपुरा चौक, कुशालपुर, पचपेड़ी नाका, भनपुरी से ड्राइवरों की आवश्यकता हैं वेतन योग्यतानुसार लायसेंस हवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता जय महामाया ट्रेवल्स ऊपरवारा नया रायपुर मो. 9993944771, 9977909698.(आरो-211)

पंप कर्मी

आवश्यकता है- लड़कियों एवं लड़कों की आवश्यकता है पेट्रोल पंप में कार्य करने के लिये इच्छुक उम्मीद्वार अपने बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें:- डागा पेट्रोल पंप फाफाडीह चौक रायपुर मो 8109135400, 9179380728.(आरो-666)

हरिभूमि क्लासीफाईड

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, 9329103178.(आरो-OM)

कुक/घरेलु स्टाफ

आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में शुद्ध शाकाहारी भोजन बनाने व घर की साफ़-सफाई हेतु अनुभवी कुक/घरेलू स्टाफ (पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000.(आरो-112)

सेल्स/ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- 1. Male staff for furniture fitting. 2. Male staff for sales. 3. Female staff for office handling and tele calling. Address - Durian Furniture ,Radhika Nagar, besides Central Bank of India. Near supela police station, Bhilai Contact no. 9301419553, 7805961516.(आरो-212)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करें:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरो-4171)

Property प्रापर्टी

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से ठीक पीछे आवासीय या व्यावसायिक उपयोग हेतु 22000 वर्गफुट हॉस्पिटल, अपार्टमेंट, फ्लैट, रेस्टोरेंट के लिए उपयोगी टुकड़ों में या एकमुश्त बेचना है सम्पर्क करें 7898855268. (आरो-41750)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।



आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

बागबाहरा नगर पालिका भवन में घुसा भालू

महासमुंद । बागबाहरा नगर पालिका भवन और गार्डन में भालू के आने से हड़कंप मच गया। सुबह करीब 5 बजे नगर पालिका कर्मचारी ने परिसर में भालू को देखा और तत्काल अधिकारियों को सूचना दी। कुछ देर तलाश करने के बाद भालू नजर नहीं आया, जिसके बाद कर्मचारी अपने रोजमर्रा के काम में जुट गए। कुछ समय बाद नगर पालिका भवन के बाजू में वाहनों के लिए बनाए गए टिन शेड के पास कर्मचारियों को नगर पालिका और गार्डन के बीच की दीवार के पास भालू दिखाई दिया। अचानक भालू के सामने आने से मौके पर मौजूद लोग अलर्ट हो गए। कार्यालय में कर्मचारियों और लोगों की आवाजाही शुरू हो चुकी थी, जिसके चलते तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भालू की गतिविधियों पर निगरानी शुरू कर दी। भालू काफी देर तक नगर पालिका और गार्डन के बीच की दीवार के ऊपर झाड़ियों की छांव में बैठा रहा।

करोड़ों के फड़ से तीन दर्जन जुआरी गिरफ्तार

मोहला। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा पर चल रहे अवैध जुआ कारोबार के खिलाफ गढ़चिरौली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते 37 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने जंगल क्षेत्र में चल रहे जुआ फड़ से 31 आरोपियों को हिरासत में लिया। जबकि छह आरोपी मौके से फरार हो गए। कार्रवाई में पुलिस ने 1 करोड़ 34 लाख 14 हजार 10 रुपए की संपत्ति जब्त की है। इसमें 22 चार पहिया वाहन, 6 दो पहिया वाहन, 26 मोबाइल फोन और 75 हजार 10 रुपए नगद शामिल हैं। 18 सितंबर की रात पुलिस सहायता केंद्र बेडगांव की टीम को सूचना मिली थी कि पोमकेन बेडगांव की सीमा में अंतरराज्यीय सीमा से लगे गहानेगाटा जंगल क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग ताश के पत्तों से रुपए-पैसे का जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में दो पंचों के साथ जंगल में दबिश दी। सूत्रों ने बताया कि राजनांदगांव के एक सिंडिकेट द्वारा बार्डर इलाके में स्थित जंगलों में फड़ सजाया जा रहा था।

कार्यालय कलेक्टर, जिला-बस्तर, जगदलपुर

(आदिवासी विकास शाखा)

Email:- actd.jdp@gmail.com, Phone / Fax No. 07782-222520

क्रमांक/ आ.वि./ निर्माण/ 4827/ 2026-27/ जगदलपुर/दिनांक 15/09/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम बार)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्यों के लिए कार्यालय कलेक्टर, (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) जिला बस्तर जगदलपुर के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-टेंडरिंग हेतु निर्धारित तिथि निम्नानुसार होगी:-

1. ई निविदा प्रारंभ तिथि - 16.09.2026
2. ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 07.10.2026 अपरान्ह 5.00 बजे तक
3. निविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 12.10.2026 अपरान्ह 5.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि - 14.10.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से
5. निविदा प्रपत्र का मूल्य (चालान हेतु) - रूपये 1500/-
6. कार्य पूर्णता की अवधि (प्रति कार्य) - कार्य अनुसार (अधिकतम 06 माह)
7. ठेकेदार की श्रेणी - द वर्ग या अधिक

क्र.	ऑनलाइन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम / स्थान का नाम	निविदा की राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि (रूपये में)
1	2	3	4	5
1	199413	बालक आश्रम पाथरी वि.ख. बकावण्ड में शौचालय भवन निर्माण कार्य।	19.42 लाख (प्रति कार्य लागत)	14,600.00 (प्रति कार्य)
2	199414	बालक आश्रम चारगांव वि.ख. बकावण्ड में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
3	199415	कन्या आश्रम लावागांव वि.ख. बकावण्ड में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
4	199417	बालक आश्रम बड़े काकलूर वि.ख. बास्तानार में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
5	199420	बालक आश्रम कोड़ेनार वि.ख. बास्तानार में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
6	199421	बालक आश्रम मूतनपाल वि.ख. बास्तानार में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
7	199422	बालक आश्रम छोटे आमाबाल वि.ख. बस्तर में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
8	199424	बालक आश्रम बाघनपाल वि.ख. लोहण्डीगुड़ा में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
9	199425	बालक आश्रम ककनार वि.ख. लोहण्डीगुड़ा में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
10	199426	बालक आश्रम कस्तूरपाल वि.ख. लोहण्डीगुड़ा में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
11	199428	बालक आश्रम मारडूम वि.ख. लोहण्डीगुड़ा में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
12	199430	बालक आश्रम सुरगुड़ा वि.ख. लोहण्डीगुड़ा में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
13	199432	प्री.मै. कन्या छात्रावास नेगानार वि.ख. दरभा में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		
14	199436	प्रयास विद्यालय विद्यालय धुरगुड़ा वि.ख. जगदलपुर में शौचालय भवन निर्माण कार्य।		

टीप:- 01. आदिवासी विकास विभाग जगदलपुर अंतर्गत पूर्व में लिये गये कार्य निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद 06 माह से अधिक समय तक लंबित होने की स्थिति में संबंधित ठेकेदार/फर्म निविदा हेतु अपात्र होंगे।, 02. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट - https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास जगदलपुर

G-262703421/2

जैकेट के शेष

सप्लाई का गजब ....

डंप नजर आया। अस्पताल के स्टाफ ने जानकारी दी कि 1000 से अधिक पीपीई किट भेजे गए हैं। इतने पीपीई किट डंप होने के बाद कुछ दिन पूर्व 500 नग और भेजे गए थे, जिसे लेने से इनकार कर दिया गया। इसी तरह के हालात माना बस्ती के स्वास्थ्य केंद्र और ऊपरवारा में भी नजर आए, जहां हाल ही में चार-चार कार्टून पीपीई किट भेजी गई है। इसी तरह कई अनुपयोगी और जल्द एक्सपायर होने वाली दवाई भी सरकारी अस्पतालों में भेज दी गई है। हैरानी की बात यह है कि मल्टीविटामिन और कैल्शियम की जरूरी दवाओं की आपूर्ति लंबे समय से अस्पतालों में नहीं की जा रही है। जबकि काफी पहले ही इसकी डिमांड भेजी जा चुकी है।

एक किट की ....

अस्पताल में तो पीपीई किट को चूहे कुतर रहे हैं। कई किट फटी हुई हैं। कुछ किट के पैकेट भी खुले हुए नजर आए। स्पष्ट है कि पुश मैकेनिज्म के नाम पर लाखों रुपए का खेल चल रहा है।

जुलाई में इंजेक्शन भेजे ....

तरह कुछ और अस्पतालों में एक्सपायरी डेट के ठीक पहले दवाओं को जबरन भेज दिया गया। इस तरह लाखों रुपए की अनुपयोगी दवाएं अब अस्पतालों में डंप हो चुकी है। जबकि आवश्यक दवाओं की अब भी कमी है।

ट्रंप ने यूएन ....

शायद अमेरिकी मिडटर्म इलेक्शन के बाद लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि ईरान चुनाव के नतीजों का इंतजार कर रहा है। बता दें कि यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के भाषण से जनरल डिबेट की औपचारिक शुरुआत हुई। इसके बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने भाषण दिया। इसके बाद मेजबान देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी बात रखी। महासभा हॉल में 193 देशों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

2700 की दवा ....

उसने इस बात को बेहद चौंकाने वाला बताया कि कैंसर की एक जरूरी दवा पर 27,000 रुपये की एमआरपी छपी थी, जबकि खुदरा विक्रेता के लिए इसकी कीमत (पीटीआर) 2,700 रुपए थी। पीठ ने कहा, दवा की एमआरपी उस दर से 10 गुना अधिक है, जिस पर इसे खुदरा विक्रेताओं को उपलब्ध कराया जाता है। अगर यह जबरन वसूली नहीं है, तो फिर क्या है? लोग इलाज के लिए अपने मकान और गहने तक बेच देते हैं। उसने कहा, कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कुछ जरूरी दवाओं पर 27,000 रुपए की एमआरपी छपी है, जबकि इनकी पीटीआर 2,700 रुपए है। यह पूरी तरह से लूट-खसोट है। यह मरीजों के साथ दिन-दहाड़े डकैती है। पीठ ने सवाल किया कि मरीजों को इस तरह कैसे ठगा जा सकता है। उसने कहा, यह बेहद हैरान करने वाली बात है कि जिन अधिकारियों को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए, वे चुप हैं।

भूपेश के काफिले .....

उनका विरोध हुआ था। अब असम के प्रभारी बने और वहां भी विरोध हो रहा है। आज वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का विरोध हो रहा है। कभी कांग्रेस देश और प्रदेश में राज करती थी। उन्होंने कहा, कांग्रेस की नीति अंग्रेजों की तरह फूट डालो और शासन करो है। उनका कहना है कि कांग्रेस की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। जनता से जो वादा करते हैं, वह पूरा नहीं करते। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है।

भूपेश जहां जाते हैं, वहां बंटाधार कर देते हैं : पांडे : भाजपा मुख्य प्रवक्ता और सांसद संतोष पांडे ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, हम सबको स्मरण है। बिहार चुनाव के वक्त पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ऑब्जर्वर बनकर पहुंचे हुए थे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष, प्रभारी और अन्य नेताओं के साथ एयरपोर्ट पर झूमाझटकी, प्रदर्शन हुआ था, इससे पूरा देश परिचित है। वे जहां-जहां जाते हैं, वहां बंटाधार कर देते हैं।

कांग्रेस की गुटबाजी का असर : असम प्रदेश अध्यक्ष, असम सचिव और भूपेश बघेल पर जो हमला हुआ, इसमें पूरे तरीके से कांग्रेस के लोग शामिल हैं। असम में ऐसी घटनाएं कांग्रेस के घोर गुटबाजी का सीधा असर है। घटना को कांग्रेस द्वारा दूसरे दलों पर डालने की जो कोशिशें की जा रही हैं, इसमें सफल नहीं हो पाएंगे। भूपेश बघेल कांग्रेस को चुनाव हारते देख फालतू के बयानबाजी कर रहे हैं। भूपेश बघेल को बताना चाहूंगा, असम में कांग्रेस में भारी गुटबाजी है और यही गुटबाजी सड़क पर सामने आ रही है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस के शासन में राज्य की दुर्गति हुई थी। कांग्रेस की मानसिकता लोगों को साफ नजर आती है।

पूरा प्रशासन भाजपा ....

और डीएम को भी जानकारी दी। इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी मुझे सुरक्षा व्यवस्था नहीं दी गई है। पुलिस प्रशासन, चुनाव आयोग, जिला प्रशासन, सभी लोग कुल मिलाकर भारतीय जनता पार्टी के वर्कर की तरह काम कर रहे हैं। किसी से न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती।

वुमन क्रिकेट टीम ....

से विशाल जीत दर्ज की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 216 रन बनाए। 217 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 15.4 ओवर में 69 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने मुकाबला 147 रन से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय गेंदबाजों ने लगातार विकेट लेकर श्रीलंका की पारी को संभलने का मौका नहीं दिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता है। भारत ने इससे पहले 2023 हांगझोउ एशियन गेम्स में भी महिला क्रिकेट का स्वर्ण पदक जीता था। इस बार भी टीम ने अपने स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया। भारत के 217 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम दीप्ति शर्मा (छह रन पर तीन विकेट), शेफाली वर्मा (तीन रन पर दो विकेट), श्रेयंका पाटिल (नौ रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (13 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने 15.4 ओवर में सिर्फ 69 रन पर ढेर हो गई। श्रीलंका की ओर से कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक 29 रन बनाए जबकि उनके अलावा सिर्फ कौशिनी नुथ्यांगना (14) और कविशा दिलहारी (11) ही दोहरे अंक में पहुंच सकी। भारत ने इसी महीने श्रीलंका को ही हराकर एशिया कप का खिताब भी जीता था। भारत ने इससे पहले स्मृति (45 गेंद में 79 रन, सात छक्के, पांच चौके) के अर्धशतक और शेफाली (48 रन, 29 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ उनकी पहले विकेट की 99 रन की तेजतर्रार साझेदारी की बदौलत तीन विकेट पर 216 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

ऋचा घोष (22 गेंद में नाबाद 49 रन, छह चौके, तीन छक्के) ने डेश ओवरों में तूफानी बल्लेबाजी करते हुए भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका को रजत पदक मिला जबकि पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 31 रन से हराकर कांस्य पदक जीता।

आठवें स्थान पर भारत : भारत के एशियन गेम्स 2026 में कुल पदकों की संख्या सात हो गई है। टीम पदक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है।

बैडमिंटन और वुशु में भी पदक पक्के : भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में देश का पहला स्वर्ण पदक अपने नाम कर महाद्वीपीय दबदबा बरकरार रखा तो वहीं पुरुष बैडमिंटन टीम ने जापान को मात देकर महिला टीम के बाहर होने और निशानेबाजों के लिए मंगलवार को रहे फीके दिन की भरपाई की। बैडमिंटन और वुशु में भी पदक पक्के हो गए जबकि पुरुष हॉकी टीम ने एक और शानदार जीत दर्ज करते हुए पूल मैच में श्रीलंका को 16-1 से रौंदा। लक्ष्य सेन की जीत से पुरुष बैडमिंटन टीम ने शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए जापान को मात दी और कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया।

'रामनामी' को सवश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



फिल्मकार भरतबाला की डॉक्यूमेंट्री रामनामी (जो छत्तीसगढ़ के मध्य और उत्तरी क्षेत्रों में बसे रामनामी समुदाय का चित्रण करती है) ने 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में श्रेष्ठ वृत्तचित्र की श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात के एकता नगर में, स्टैच्यू ऑफ यूनटी की तलहटी में आयोजित समारोह में भरतबाला को यह सम्मान प्रदान किया।

भरतबाला की यह डॉक्यूमेंट्री इस समुदाय को गायक-संगीतकार कैलाश खेर की आवाज़ के साथ प्रस्तुत करती है, जिन्होंने 'राम ही पार लगावेंगे' गीत के माध्यम से इसकी आत्मा को स्वर दिया। खेर का संगीत 'बाहर राम, भीतर राम, मोरा रोम-रोम राम ही राम' की पंक्ति के माध्यम से उस भक्ति को अभिव्यक्त करता है, जो समुदाय के अनुसार, उनके शरीर के हर कण में रची-बसी है। यह फिल्म एक ऐसे दलित समुदाय की ओर राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करती है, जिनकी राम नाम के प्रति भक्ति उनकी त्वचा पर अक्षरशः अंकित है।

आईआईटी बॉम्बे, हॉस्टल के सभी कमरों से हटाए जाएंगे सीलिंग फैन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे द्वारा आत्महत्या करने के बाद आईआईटी प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। अब आईआईटी प्रशासन ने हॉस्टल के सभी कमरों से सीलिंग फैन हटाकर वॉल माउंटेड फैन लगाने का निर्णय लिया है। नए वॉल माउंटेड फैन्स, हॉस्टल के कमरों में लगाने की शुरुआत हो चुकी है। बता दें कि साहिल वाकोडे ने हॉस्टल नंबर 4 में सीलिंग फैन से लटककर आत्महत्या की थी। इस मामले की पूरे देश में चर्चा हो रही है और आईआईटी बॉम्बे ने इस मामले में छात्रों की मांगों को मानते हुए सख्त एक्शन भी लिया है। इसी मामले में एक दूसरी खबर ये भी सामने आई है कि साहिल वाकोडे की मौत की जांच में अब सीसीटीवी फुटेज अहम कड़ी बनकर सामने आया है। साहिल की गतिविधियां सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई हैं।

■ सुसाइड केस के बाद लिया गया फैसला

आईआईटी बॉम्बे छात्र साहिल वाकोडे की मौत की जांच में अब सीसीटीवी फुटेज अहम कड़ी बनकर सामने आया है। क्राइम ब्रांच की टीम एग्जाम हॉल से लेकर हॉस्टल तक के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। सूत्रों के मुताबिक वारदात के दिन दोपहर करीब 12:30 से 12:45 बजे के बीच परीक्षा हॉल में साहिल की गतिविधियां सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना

(1) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-80-26-27 दिनांकः 18.09.2026
कार्य का नामः- MNDH स्टेशन पर टॉवर कार शेड सहित OHE-सह-PSI डिपो का निर्माण। (इस कार्य में मुख्य रूप से 23 X 140 मीटर OHE-सह-PSI डिपो और टावर कार शेड के लिए 160 मीटर लंबी ट्रैक का निर्माण शामिल है।)
निविदा मूल्यः ₹ 2,62,05,074.00/-
ईएमडीः ₹ 5,24,100.00/-

(2) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-84-26-27 दिनांकः 18.09.2026
कार्य का नामः- 1. रायपुर डिवीजन में ट्रैक मशीन स्टाफ के लिए सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था। (इस काम में मुख्य रूप से एक सेमिनार हॉल (9m x 8m), एक काउंसलिंग रूम (6m x 4m), एक विजिटर रूम (2m x 4m), 48m का रास्ता और 71m लंबी बाउंड्री वॉल का निर्माण शामिल है।) 2. रेलवे इस्टीट्यूट BMY में साउंड-प्रूफ एकॉस्टिक सिस्टम की व्यवस्था।
निविदा मूल्यः ₹ 70,64,480.00/-
ईएमडीः ₹ 1,41,300.00/-

(3) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-91-26-27 दिनांकः 18.09.2026
कार्य का नामः- साल 2026-27 के लिए SSE (वर्क्स)/WRS/रायपुर के अधिकार क्षेत्र में बागवानी से जुड़े जोनल काम करना, जिसमें लॉन, फूलों की क्यारियों और बगीचों आदि का रखरखाव और देखभाल शामिल है।
निविदा मूल्यः ₹ 74,86,174.00/-
ईएमडीः ₹ 1,49,700.00/-

(4) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-92-26-27 दिनांकः 18.09.2026
कार्य का नामः- DEN/II/रायपुर के अधिकार क्षेत्र में ट्रांसमैटिक रोबोटिक वेल्डर या इसी तरह की अन्य वेल्डिंग तकनीक का उपयोग करके CMS क्रॉसिंग की इन-सीटू (मौके पर ही) रीकंडीशनिंग।
निविदा मूल्यः ₹ 57,56,329.00/-
ईएमडीः ₹ 1,15,100.00/-

(5) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-95-26-27 दिनांकः 18.09.2026
कार्य का नामः- भानुप्रतापपुर स्टेशन पर 3 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज और अन्य यात्री सुविधाओं के साथ दूसरे प्लेटफॉर्म का प्रावधान। (इस कार्य में मुख्य रूप से रैंप और सीढ़ियों के साथ 3 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, 2 वे के लिए प्लेटफॉर्म शेल्टर, दूसरे प्लेटफॉर्म का निर्माण, चारदीवारी, शौचालय और मूत्रालय और जल आपूर्ति की व्यवस्था BPTP पर शामिल है।)
निविदा मूल्यः ₹ 5,96,36,483.00/-
ईएमडी : ₹ 11,92,700.00/-, **निविदा प्रस्तुत करनाः** 11.00 बजे तक दिनांक 09.10.2026, **निविदा खोलनाः** 11.00 बजे दिनांक 09.10.2026.
विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय / एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/ डाउनलोड करें।
मंडल अभियंता-///
पीआर/आर/इंजी./एल्न/211 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना

(1) निविदा सूचना क्रमांकः- एसएनटी-आर-2026-15, दिनांकः 09.09.2026
कार्य का नामः निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्यों का निष्पादनः (1) रायपुर डिवीजन के भाटापारा में 10 कमरों (20 बिस्तरों वाले) के नए रनिंग रूम का निर्माण, (2) रायपुर डिवीजन के दल्लीराजहरा में 15 कमरों (30 बिस्तरों वाले) के नए रनिंग रूम का निर्माण, (3) दल्लीराजहरा में नए संयुक्त क्रू लॉबी का निर्माण, (4) कुम्हारी, मौंढर और सिलयारी में एम्बुई की कमियों का प्रावधान, (5) रायपुर स्टेशन के यात्री इंटरफेस क्षेत्र में पुनर्विकास कार्य को सुगम बनाने के लिए मौजूदा सुविधाओं का संवर्धन, (6) मंदिरहसौद माल गोदाम का सुधार, (7) दगोरी और दाधापारा में एम्बुई का प्रावधान, (8) रायपुर डिवीजन के आरएसडी माल परिसर में सुविधाओं का सुधार, (9) इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के होमिंग के लिए रायपुर डीजल लोको शेड में सुविधाओं का संवर्धन, (10) रायपुर और दुर्ग स्टेशनों पर (पीएफ संख्या 4 और 5) पार्सल गतिविधियों के लिए सीसीटीवी कैमरे, पोर्टेबल वजन मशीन, स्टैकर मशीन और हैंड पैलेट ट्रकों का प्रावधान। **निविदा मूल्यः रू. 31718081.24, ईएमडीः रू. 634400.00**, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 (बारह) माह।
बिडर्स अपना मूल/संशोधित बिड्स केवल **16.10.2026** को **15.00** बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। मैनुअल ऑफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे। विस्तृत विवरण हमारे वेबसाईट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है।
वरि.मंडल संकेत एवं दूर. अभियंता
पीआर/आर/एसएंडटी/एल्न/214 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

कार्यालय लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पण्डरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
Email : Lspsskm@gmail.com Contact No. 07987900070, 7869855731
निविदा सूचना क्रमांक 199769 दिनांक 22/09/2026
ई-निविदा सूचना
2500 टी.सी.डी. शक्कर कारखाना पण्डरिया में ई-निविदा सूचना क्रमांक-199769 सी मोलासिस विक्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मों/निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रू. (1000/-रू. +311/-रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal : http://eproc.cgstate.gov.in) में फार्म Upload किया जाना है।
निविदा की शर्तें व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेब साइट www.Lspssk.co.in में भी अवलोकन कर सकते हैं।
महाप्रबंधक

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)
-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-
क्रमांक/लो.क.वि./2026/ 1353 रिसाली, दिनांक 21/09/2026
नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्रं.	कार्य का विवरण	सिस्टम टेंडर क्रं.	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	रिसाली डीपीएस चौक से जोहार चौक तक रोड का विकास कार्य (नगरोत्थान योजना) (2nd call)	199807	492.75	06.10.2026

(नोटः- ई टेण्डर में ऑफलाईन डी.डी., धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)
उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम रिसाली

कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला - बालोद (छ.ग.)
// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //
क्रमांक / 961 / लो.नि.वि./न.पा./2026 बालोद, दिनांक 21/09/2026
1. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 07.10.2026 सायं 05.00 बजे तक
2. निविदा खोले जाने की तिथि - 09.10.2026 दोपहर 12.00 बजे
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार /फर्म से अध्यक्ष /पार्षद / एल्डरमेन/ अधोसंरचना /निकाय निधि /अन्य मद अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की समयावधि
1	वार्ड क्र. 01 से 20 में सीसी रोड़ निर्माण/ मरम्मत कार्य	9.00	6750.00	750.00	12 माह
2	वार्ड क्र. 01 से 20 में आरसीसी नाली निर्माण / मरम्मत कार्य	9.00	6750.00	750.00	12 माह
3	वार्ड क्र. 01 से 20 में सार्वजनिक / सामुदायिक / सांस्कृतिक भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था	9.00	6750.00	750.00	12 माह
4	वार्ड क्र. 01 से 20 में नलकूप खनन मोटर पम्प स्थापना सहित कार्य	9.00	6750.00	750.00	12 माह
5	वार्ड क्र. 01 से 20 में विभिन्न स्थानों में पोताई कार्य	9.00	6750.00	750.00	12 माह
6	वार्ड क्र. 01 से 20 में भवन, रंगमंच, बाउण्ड्रीवाल एवं छोटे उद्यान निर्माण / मरम्मत कार्य	9.00	6750.00	750.00	12 माह
7	वार्ड क्र. 10 विवेक मुंदड़ा घर से मोहन इलेक्ट्रीकल्स तक आरसीसी नाली	3.53	3600.00	750.00	03 माह
8	वार्ड क्र. 12 गोविन्द चतुर्वेदी घर से विवेक सुकदेवे घर तक आरसीसी नाली	2.58	2600.00	750.00	03 माह
9	वार्ड क्र. 12 शिव कॉलोनी से मोहित लुल्ला घर तक आरसीसी नाली	2.43	2500.00	750.00	03 माह

उपरोक्त कार्यों के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
प्रि-क्वालीफिकेशन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
क्र. 22/न.पा.नि./PMAY/2026-27 बिलासपुर दिनांक 22/09/2026
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि
199989	''प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिए आवास मिशन'' अंतर्गत मोनोलिथिक तकनीक से वाम्बे आवास नागनागिन तालाब के पास बहतराई में (G+3) 145 यूनिट शेष आवास निर्माण मय आंतरिक जल प्रदाय, सेनेटरी एवं विद्युतीकरण तथा इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कार्य (सड़क, नाली, जलप्रदाय, सीवर नेटवर्क इत्यादि)	342.12	19 / 10 / 2026

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता
Green City, Clean City, Dream City. नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat
परिशिष्ट -IV-A - अचल संपत्ति/संपत्तियों की ई-नीलामी सांकेतिक बिक्री सूचना
प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित।
एतद्वारा सर्वसाधारण और विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या-डी में वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियों), जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है और जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम संख्या-सी में वर्णित है) मेसर्स - पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार 'जैसा है, जहां है, जो है और जो कुछ भी उपलब्ध है' के आधार पर बेचा जाएगा। ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले/उनके कानूनी वारिसों, वसीयती प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों, और संबंधित ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले (मृतक) के उत्तराधिकारियों को, जैसा कि सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम-8(6) और 9 के कॉलम संख्या-ए में दर्शाया गया है (देनांक के अनुसार संशोधित), एतद्वारा सूचित किया जाता है। विक्रय के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया मेसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋणधारक, जमानतदार /वैध उत्तराधिकारी ऋण संख्या के नाम (एं)	मांगी गई राशि और दिनांक (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली वृद्धि दर (एच)	निरीक्षण की तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	क्या धारा 194(1ए) लागू है (हाँ/नहीं)
HOURA/0120/770365 मोहम्मद असलम अली/आजमेरी खातून, शा.का.: रायपुर	रु. 10,18,602.35 एवं 16-02-2023	भौतिक कब्जा	अपार्टमेंट नंबर 501, ब्लॉक नंबर ई, ईरी मॉब्लिस, खसरा नं.303/15 303/2 303/10 का हिस्सा, कार्पेट एरिया और अपार्टमेंट फेस II, कुम्हारी दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001, भारत।	रु. 7,47,000	रु. 74,700	10,000	08-10-2026	09-10-2026 दोपहर 12:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक	20-10-2026 दोपहर 2:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक	ज्ञात नहीं
एगएपएस/आरएआई/04/18/516340 अमित कुमार अग्रवाल/सुमीता अग्रवाल, शा.का.: रायपुर	रु. 28,12,980.25 एवं 08-04-2021	भौतिक कब्जा	दुकान नंबर 209, दूसरी मंजिल, ऋषभ कॉम्प्लेक्स, प.ह.नं. 106 ए, नेगेर पालिका मकानें नं. 37/461, 462, 463 भाग, जवाहरलाल नेहरू वार्ड नं. 37, गौंजा रायपुर, इंडस्इंड बैंक के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, भारत।	रु. 19,98,000	रु. 1,99,800	10,000	08-10-2026	20-09-2026 दोपहर 12:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक	09-10-2026 दोपहर 2:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

*लागू होने पर 18% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित, भुगतान और/या प्राप्ति की तिथि तक हुए आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, कॉलम संख्या-के में उल्लिखित जानकारी के अलावा, उपर्युक्त अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है। ऐसे अन्य भारों का भुगतान सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लिखित भारों की सत्यता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करें। (1.) आज की तारीख तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री, हस्तांतरण और/या निष्टान से रोकने वाला कोई आदेश या न्यायालय का निषेधाज्ञा नहीं है, और स्थिति कॉलम संख्या-के में उल्लिखित है। (2.) संभावित क्रेता/बोलीदाता और इसमुक्त पक्ष कॉलम संख्या-के, में उल्लिखित कार्यवाही/आदेश आदि में उल्लिखित दलीलों का स्वतंत्र रूप से निरीक्षण कर सकते हैं, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध स्वामित्व दस्तावेजों का स्वामित्व भी शामिल है, और निविदा/बोली आमंत्रण पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं को संतुष्ट कर सकते हैं। बोलीदाता को बोली पत्र के साथ इस नीलामी के नियम और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। (3.) कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार विक्रय मूल्य की राशि का 25 प्रतिशत (सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) राहित) जमा करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि खरीदार द्वारा बयाना राशि की रसीद/क्षति की तिथि से 15 दिनों के भीतर या अगले कार्य दिवस से पहले जमा करनी होगी। बिक्री की पुष्टि केवल बोलीदाता/बोलीदाताओं के पक्ष में बिक्री की पुष्टि तभी की जा सकती है जब बिक्री पुष्टिकरण पत्र के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत प्राप्त हो जाए। ऐसी जमा राशि का भुगतान न करने की स्थिति में, अंकित अधिकारी बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लिखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति तिथि से 15 दिनों के भीतर बिक्री राशि के आंशिक भुगतान को जब्त कर लेगा और संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पुनर्जैविका किया जाएगा। (4.) मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अधिकृत अधिकारी को ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री आयोजित करने में सहायता करेगी, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 में स्थित है। वेबसाइट-www.bankeauctions.com। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, और किसी अन्य प्रश्न या फंक्शनिंग के लिए, आपको विवेक लोढ़ा से संपर्क करना होगा। टोल फ्री नंबर-1800 120 8800, ई-मेल: auction@pnbhousing.com, PNBHFL का अधिकृत व्यक्ति है या www.pnbhousing.com देखें।
स्थान: रायपुर दिनांकः- 23-09-2026 सही /- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पेज एक के शेष

बारिश में टपकती है छत...

बालक छात्रावास का भवन मरम्मत योग्य नजर आता है, कई बार शिकायतों के बाद भी इस भवन की मरम्मत नहीं की गई। वर्षों से बारिश के दिनों में यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी भवन की दीवारों में सीपेज आने, छत टपकने की शिकायत करते रहे हैं, लेकिन स्थाई समाधान नहीं मिल पाया है। छात्रावास भवन में कई जगह से प्लास्टर भी उखड़ गए हैं। छात्रावास में छत से लेकर फर्श तक सीपेज नजर आता है।

टिन शेड वाला 50 साल पुराना...

आज भी दूरदराज के ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए सहारा बना हुआ है। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित नेहरू छात्रावास में विद्यार्थियों को निशुल्क आवास और भोजन की सुविधा है। छात्रावास की क्षमता 175 विद्यार्थियों की है और वर

खबर संक्षेप

एक्सिस बैंक ने पेश किए दो नए एआई समाधान

रायपुर। देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने एंड-टू-एंड भुगतान और वाणिज्यिक समाधान उपलब्ध कराने वाली प्रमुख कंपनी हिताची पेमेंट सर्विसेज के साथ मिलकर एआई आधारित दो नए समाधान- एक्सप्रेस बैंकिंगः डिजिटल बैंकिंग पॉइंट 2.0 और एआई साउंडबॉक्स-पेश किए हैं। इन नए समाधानों के जरिए बैंकिंग और भुगतान सेवाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल ग्राहकों और कारोबारियों के साथ होने वाले प्रमुख संपर्क बिंदुओं तक पहुंचाया गया है। एक्सप्रेस बैंकिंगः डिजिटल बैंकिंग पॉइंट 2.0 के जरिए ग्राहक सामान्य बोलचाल की भाषा में बातचीत करते हुए बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे और जरूरी सहायता पा सकेंगे। वहीं, एआई साउंडबॉक्स कारोबारियों को भुगतान से जुड़े सवाल आवाज के जरिए पूछने और तुरंत जवाब पाने की सुविधा देगा।

एयर इंडिया पेश करेगी नया मनोरंजन मंच



नई दिल्ली। एयर इंडिया अपनी उड़ानों में एक नए मंच की पेशकश करने जा रही है, जो यात्रियों के लिए मनोरंजन, लॉयल्टी, वाणिज्य और यात्रा सेवाओं को एक साथ जोड़ेगा। यात्रियों के डिजिटल अनुभव को बेहतर बनाने की तैयारी के साथ ही यह नया इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट (आईएफई) मंच एयरलाइन के अतिरिक्त राजस्व को बढ़ाने में भी मदद करेगा। एयर इंडिया के मुख्य डिजिटल एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी सत्य रामास्वामी ने बताया कि एयरलाइन द्वारा विकसित इस नए मंच को 2027 की दूसरी छमाही से चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इस डिजिटल मंच की शुरुआत अगले साल मिलने वाले नए बड़े आकार के विमानों से की जाएगी।

वित्त मंत्री ने एआईएमए के एक कार्यक्रम में कहा

कंपनियां संचालन व्यवस्था को मजबूत करने पर अपना ध्यान दे : सीतारमण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कंपनियों से हर मतभेद को अदालत में ले जाने से बचने और कंपनी संचालन व्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान देने का आग्रह किया।

- हर मतभेद की शुरुआत मुकदमेबाजी से नहीं हो

सीतारमण ने यहां एआईएमए (ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन) के एक कार्यक्रम में कहा कि अच्छा कंपनी संचालन केवल बाहरी नियमों को अपनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन मानकों पर भी निर्भर करता है जिन्हें संस्थान खुद के लिए तय करते हैं।

सीतारमण ने कहा कि कारोबार क्षेत्रों के बीच भरोसा मांगा नहीं जा सकता, बल्कि दोनों पक्षों के आचरण से उसे बनाया जाता है। उन्होंने कहा, "कंपनियों को सरकार और नियामकों के साथ रचनात्मक तरीके से बातचीत करनी चाहिए। कानूनी रास्ता हमेशा उपलब्ध रहेगा, लेकिन हर असहमति की शुरुआत कानूनी विवाद से नहीं होनी चाहिए।"

खास बातें

- केवल बाहरी नियमों को अपनाने तक सीमित नहीं रहे
- उन मानकों पर निर्भर रहे जो संस्थान ने खुद तय किए हैं



2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य

वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए उद्योग को इस दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग को ऐसे संस्थान और कंपनियां बनानी चाहिए, जिनमें बड़े पैमाने के साथ टिकाऊपन, बेहतर गुणवत्ता, अच्छा संचालन और मजबूत प्रौद्योगिकी क्षमता हो।

उद्योग केवल विस्तार पर जोर न दे

सीतारमण ने कहा कि इसके साथ ही कंपनियों को अपने कामकाज में निश्चितता, पारदर्शिता और दूसरों की बात सुनने की इच्छा दिखानी चाहिए। एक परिपक्व अर्थव्यवस्था में असहमति को तुरंत टकराव में बदले बिना उससे निपटने की क्षमता होनी चाहिए। वित्त मंत्री ने भारतीय उद्योग जगत से केवल कारोबार का विस्तार करने के बजाय मजबूत, टिकाऊ और बेहतर संचालन वाली कंपनियां बनाने पर ध्यान देने को कहा।

भारत के पास आज बड़ा बाजार

सीतारमण ने कहा, ''भारत के पास आज बड़े बाजार का आकार, उद्यमिता का उत्साह और संस्थागत क्षमता है, जिससे वह कहीं अधिक ऊंचे लक्ष्य तय कर सकता है। इन क्षमताओं को देश की दीर्घकालिक क्षमता में कितनी सफलता से बदला जाता है, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि योजनाओं और कार्यों को कितनी प्रभावी ढंग से अमल में लाया जाता है।''

कंपनियां बड़ी नहीं मजबूत हो

वित्त मंत्री ने कहा कि देश के विकसित भारत की ओर बढ़ने के साथ आज बनाए जा रहे उद्यमों और संस्थानों की गुणवत्ता से भारतीय प्रबंधन के योगदान को आंका जाएगा। वित्त मंत्री ने उद्योग जगत से ऐसी कंपनियां बनाने पर ध्यान देने को कहा जो केवल बड़ी न हों, बल्कि प्रतिस्पर्धी, नवोन्मेषी, भरोसेमंद और मजबूत भी हों, ताकि आने वाले दशकों में भारत की आर्थिक वृद्धि में योगदान दे सकें।

गुणवत्ता को प्राथमिकता देने पर जोर

सीतारमण ने देश की वृद्धि के अगले चरण में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि कंपनियों को अनुसंधान एवं विकास पर अधिक खर्च करना चाहिए। इसके लिए वे अपने स्तर पर अनुसंधान करने के साथ शैक्षणिक संस्थानों के साथ भी सहयोग कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इससे नवोन्मेष को बढ़ावा देने और मौजूदा उत्पादों में सुधार करने में मदद मिलेगी।

भूलने को उम्र का असर न समझें समय पर जांच जरूरी: डॉ. कोहाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



विश्व अल्ज़ाइमर दिवस के अवसर पर इट्सा हॉस्पिटल्स के कंसल्टेंट न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अभिजीत कुमार कोहाट ने कहा कि डिमेंशिया को बढ़ती उम्र का सामान्य हिस्सा समझना सही नहीं है। उन्होंने लोगों से बार-बार होने वाली भूलने की समस्या को नजरअंदाज नहीं करने और समय रहते चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की।

- विश्व अल्जाइमर दिवस पर बताए डिमेंशिया के संकेत और बचाव के उपाय

डॉ. कोहाट के अनुसार, उम्र बढ़ने पर कभी-कभार किसी का नाम याद आने में समय लगना या कोई वस्तु कहां रखी है, यह भूल जाना सामान्य हो सकता है। लेकिन जब याददाश्त, सोचने-समझने, भाषा, निर्णय लेने और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता लगातार प्रभावित होने लगे, तो यह डिमेंशिया का संकेत हो सकता है।

उन्होंने बताया कि डिमेंशिया एक व्यापक चिकित्सा शब्द है, जबकि अल्ज़ाइमर इसका सबसे आम कारण है। अल्ज़ाइमर में समय के साथ हाल की बातें याद रखने, परिचित जगह पहचानने और समस्याएं सुलझाने में कठिनाई हो सकती है। व्यवहार और व्यक्तित्व में बदलाव भी दिखाई दे सकते हैं। उम्र बढ़ना अल्ज़ाइमर का प्रमुख जोखिम कारक है। इसके अलावा हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, स्ट्रोक, धूम्रपान, कम शारीरिक गतिविधि और सामाजिक रूप से कम सक्रिय रहना भी जोखिम बढ़ा सकता है।

जोखिम कारकों पर नियंत्रण जरूरी

डॉ. कोहाट ने कहा कि डिमेंशिया का निश्चित इलाज नहीं है, लेकिन समय पर पहचान से कारणों की जांच, इलाज योग्य जोखिम कारकों पर नियंत्रण और बेहतर देखभाल की योजना बनाने में मदद मिलती है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, बीपी-शुगर नियंत्रण और मानसिक-सामाजिक रूप से सक्रिय रहना भी महत्वपूर्ण है।

आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 330 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 330 अंक लुढ़क ग या । व हीं एनएसई निफ्टी 23,350 अंक के नीचे आ गया।

- निफ्टी 23,350 अंक के नीचे लुढ़का

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल के दाम में नरमी के बावजूद घरेलू शेयर बाजार नुकसान में रहे। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 329.91 अंक टूटकर 74,529.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 435.28 अंक की गिरावट पर आ गया था। निफ्टी भी 85.30 अंक की गिरावट के साथ 23,329 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। वहीं, लाभ में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, इंटरग्लोब एविएशन, टाइटन और टाटा स्टील शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.67 प्रतिशत टूटकर 98.66 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक माहौल में सुधार के बावजूद घरेलू बाजार की धारणा कमजोर रही।



एशियाई बाजार में रही मामूली बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में बढ़त का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को उल्लेखनीय बढ़त के साथ बंद हुए थे।

रुपया 20 पैसे की बढ़त के साथ 95.58 प्रति डॉलर

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की धारणा में सुधार के बीच अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को 20 पैसे मजबूत होकर 95.58 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि ईरान के सात दिन के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की खबरों के बाद ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई। खबरों में कहा गया था कि अगर अमेरिका अपने बंदरगाहों की नाकेबंदी हटाता है और ईरान पर सैन्य दबाव कम करता है तो ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य खोल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.75 प्रति डॉलर पर खुला।



सहेली ऑरम का रिब्रांडिंग और बिगेस्ट ज्वेलरी शो शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सदर बाजार स्थित सहेली ऑरम में रिब्रांडिंग और बिगेस्ट ज्वेलरी शो का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी एवं समाजसेविका कौशल्या देवी साय तथा रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। दोनों अतिथियों ने सहेली ऑरम के 11 नए ज्वेलरी कलेक्शन का अनावरण किया। कार्यक्रम में सहेली ऑरम के प्रतिष्ठित ग्राहकों और शहर के ज्वेलरी प्रेमियों की मौजूदगी रही। नए कलेक्शन में अलग-अलग आयु वर्ग, पसंद और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आभूषणों की विस्तृत रेंज पेश की गई। कार्यक्रम के दौरान कौशल्या देवी साय और मीनल चौबे ने भी प्रदर्शित आभूषणों का अवलोकन किया और ज्वेलरी डिजाइनों के प्रति अपनी रुचि व्यक्त की।

- कौशल्या देवी साय और महापौर मीनल चौबे ने कलेक्शन किए लांच



42 वर्षों के अनुभव के साथ नई पहल

सहेली ऑरम के संचालक सुनील जैन के 42 वर्षों के अनुभव और ज्वेलरी कारोबार को लेकर उनकी दूरदृष्टि को इस नए अध्याय की प्रमुख वजह बताया गया। रिब्रांडिंग के साथ पेश किए गए नए कलेक्शन को ग्राहकों की बदलती पसंद और आधुनिक ज्वेलरी ट्रेंड्स के अनुरूप तैयार किया गया है।

25 सितंबर तक जारी रहेगा शो

कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए ज्वेलरी प्रेमियों के लिए भी शो का अवसर उपलब्ध है। सहेली ऑरम का यह ज्वेलरी शो 25 सितंबर तक जारी रहेगा। ग्राहक सदर बाजार, रायपुर और श्री शिवम मॉल, दुर्ग स्थित सहेली ऑरम में पहुंचकर नए कलेक्शन का अवलोकन कर सकते हैं।

बिजनेस साइट

रियल एस्टेट ग्राहकों की जागरूकता बढ़ाएगा नेक्सेरा ऐप



रायपुर। रियल एस्टेट सेक्टर में ग्राहकों की जागरूकता और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से नेक्सेरा ऐप लांच किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ऐप की लांचिंग की गई। इसके माध्यम से ग्राहकों को रियल एस्टेट प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी, बजट, लोन, प्रोजेक्ट चयन और कस्टमर केयर जैसी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने की पहल की गई है।

चार बड़े ग्रुप साथ आए

रजत बिल्डटेक के एमडी मृणाल गोलछा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार इस तरह का प्रयोग किया गया है। नेक्सेरा ऐप के जरिए ग्राहकों को रियल एस्टेट से जुड़े फैसले लेने में जरूरी जानकारी उपलब्ध कराने का प्रयास है। कार्यक्रम में प्रदेश के चार प्रमुख रियल एस्टेट ग्रुप ऋषभ बिल्डर्स, रजत बिल्डटेक, राठी बिल्डमार्ट और कैपिटल बिल्डकॉन एक साथ आए। इन कंपनियों की ओर से मध्यमवर्गीय परिवारों यानी 'मिसिंग मिडिल' के लिए नए कॉन्सेप्ट पर प्रोजेक्ट विकसित करने की योजना है। ऋषभ बिल्डर्स के सीईओ प्रितेश कटारिया ने कहा कि न्यूक्लियर परिवारों के बढ़ते चलन के बीच कम्यूनिटी लिविंग एक बेहतर विकल्प हो सकता है। वहीं, राठी बिल्डमार्ट के प्रमोटर अजय राठी ने कहा कि रायपुर तेजी से महानगर की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में आधुनिक सुविधाओं के साथ किफायती आवास की जरूरत बढ़ रही है। कैपिटल बिल्डकॉन के एमडी नितिन शाह ने कहा कि कई आधुनिक सुविधाएं अब लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन चुकी हैं।

वीनस मशीनरी में कृषि से निर्माण तक उपयोगी मशीनों की विस्तृत रेंज



रायपुर। कृषि, निर्माण, सिंचाई, उद्योग और ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न जरूरतों के लिए वीनस मशीनरी में उपयोगी मशीनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। संस्था की ओर से किसानों, ग्रामीणों, व्यवसायियों और निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वीनस मशीनरी के संचालक चित्रकान्त बघेल ने बताया कि प्रतिष्ठान में पावर वीडर, फीडर मशीन, चाफ कटर, आटा चक्की, ट्रॉली, कंक्रीट मिक्सर, वाटर टैंकर, बैटरी स्प्रेयर और स्प्रेयर सहित कई मशीनें उपलब्ध हैं। इनका उपयोग कृषि कार्यों के साथ निर्माण, सिंचाई, बागवानी, प्रोसेसिंग और ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े कार्यों में किया जा सकता है। बघेल के अनुसार, आधुनिक मशीनों का उद्देश्य श्रम और समय की बचत के साथ कार्यक्षमता बढ़ाने में सहयोग करना है। किसानों के लिए खेती से संबंधित उपकरणों के अलावा निर्माण कार्यों के लिए कंक्रीट मिक्सर, सामग्री ढुलाई के लिए ट्रॉली और पानी से जुड़े कार्यों के लिए टैंकर भी उपलब्ध हैं। विभिन्न क्षमता और उपयोग के विकल्प ग्राहकों की जरूरत के अनुसार रखे गए हैं। वीनस मशीनरी एफ-1, महिंद्रा शोरूम के बाजू में, मेनरोड, देवपुरी, रायपुर में स्थित है।

ओरिएंट केबल्स का आईपीओ 25 सितंबर को खुलेगा

नई दिल्ली। नेटवर्किंग केबल और पैसिव नेटवर्किंग उपकरण बनाने वाली कंपनी ओरिएंट केबल्स (इंडिया) लिमिटेड ने 552 करोड़ रुपये जुटाने के लिए अपने आईपीओ का मूल्य दायरा 258 से 272 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बताया कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 सितंबर को बोली के लिए खुलेगा और 29 सितंबर को बंद होगा।

JHAIGO Cream तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें। चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये... क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

जुगराज, अभिषेक और दिलप्रीत की हैट्रिक से भारत ने श्रीलंका को 16-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

ड्रैग-फ्लिकर जुगराज सिंह के साथ स्ट्राइकर अभिषेक और दिलप्रीत सिंह की हैट्रिक से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों में अपने दूसरे पूल ए मैच में कमजोर श्रीलंका को 16-1 से करारी शिकस्त दी। उम्मीद के मुताबिक भारतीय टीम शुरुआत से ही हावी रही और उसने कमजोर मानी जा रही श्रीलंकाई टीम के खिलाफ खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। भारत ने इससे पहले इंडोनेशिया को 13-1 से हराया था।



हरमन, मनदीप ने दागे गोल

जुगराज ने चार गोल किए जबकि अभिषेक और दिलप्रीत ने तीन-तीन मैदानी गोल किए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह, मनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद ने भी गोल किए। श्रीलंका का एकमात्र गोल सुरेश रत्नायके ने 50वें मिनट में किया जो एशियाई खेलों के इतिहास में भारत के खिलाफ उनका पहला गोल था। भारत अब अगले मुकाबले में बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया से खेलेगा।

ई-फुटबॉल में भारत को मिला वॉकओवर

आइची। भारत ने मंगलवार को एशियाई खेलों की ई-स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में ग्रुप एफ के मैच में मंगोलिया के खिलाफ वॉकओवर और उज्बेकिस्तान के साथ 0-0 से ड्रॉ के साथ अपने ई-फुटबॉल अभियान की अच्छी शुरुआत की। डैनियल पटेल और चिन्मय साहू वाली भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान के अबूबाकिर इमिनजोनोव और फरुख मिर्खामितोव की जोड़ी के खिलाफ गोल-रहित ड्रॉ खेला। हालांकि अपने दूसरे मैच में भारत को मंगोलियाई टीम (मुंख-ओचिर बटमनलाई और खानतामिर मुंख-ओर्गिल) से वॉकओवर मिला।



प्रणति ने वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

नागोया। एशियाई खेलों में भारत की एकमात्र जिमनास्ट प्रणति नायक ने मंगलवार को कलात्मक जिमनास्टिक स्पर्धा में सातवां स्थान हासिल करके वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।एशियाई जिमनास्टिक्स चैंपियनशिप में तीन बार कांस्य पदक जीतने वाली प्रणति 19 जिमनास्ट में सातवें स्थान पर रहीं जिससे उन्होंने वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। फाइनल 24 सितंबर को होगा। प्रणति ने वॉल्ट 1 में 13.000, वॉल्ट 2 में 12.433 का स्कोर किया। बंगाल की इस जिमनास्ट ने 12.916 के स्कोर से 'ओवरऑल' सूची में सातवां स्थान हासिल किया।

बैडमिंटनः भारत ने जापान को 3-0 से हराया

नागोया। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने मंगलवार को यहां क्वार्टरफाइनल में जापान को 3-0 से हराकर पदक पक्का कर लिया। भारतीय पुरुष टीम ने पिछले चरण में रजत पदक जीता था। उसके लिए लक्ष्य सेन ने वापसी करते हुए शानदार जीत हासिल की, उनके अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी और आयुष शेट्टी की जीत ने टीम को सफलता दिलाई। अब बुधवार को सेमीफाइनल में भारत का सामना मौजूदा चैंपियन चीन और कोरिया के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। लक्ष्य सेन ने पहला गेम गंवाकर शुरुआत की और निर्णायक गेम में 14-19 से पिछड़ने के बाद हार की कगार पर थे लेकिन लगातार सात अंक हासिल कर कोडाई नाराओका को हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।





भारत ने जापान को हराकर जीता ऐतिहासिक मुकाबला

नागोया। भारतीय क्रिकेट टीम ने जापान क्रिकेट टीम को पहले ऐतिहासिक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला में 2 रन से हराकर जीत दर्ज कर ली। यह मैच कांतो के सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान खेला गया था। बारिश के कारण मुकाबले को 5-5 ओवर का किया गया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32/4 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में जापान की टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 30/3 का स्कोर ही बना पाई।



चार्ली हारा-हिंजे के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि

इस मुकाबले में उतरने के साथ ही जापान के चार्ली हारा-हिंजे के नाम खास उपलब्ध दर्ज हो गई। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ खेलने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 17 साल 357 दिन की उम्र में यह कारनामा किया है। इस सूची में नेपाल क्रिकेट टीम के गुलशन झा (17 साल और 228 दिन) पहले और नामीबिया क्रिकेट टीम के मैक्स हिंगो (17 साल और 341 दिन) दूसरे पायदान पर मौजूद हैं।

भारत ने इस तरह दर्ज की जीत

मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। 7 रन के कुल स्कोर पर सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गए। उसके बाद भारत ने कप्तान श्रेयस अय्यर (16) और संजू सैमसन (9) की पारियों से 32/4 का स्कोर खड़ा किया। जापान से चार्ली हारा-हिंजे ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए। जवाब में जापान की टीम कप्तान केंडल कडोवाकी-फ्लेमिंग (12) और बेंजामिन इतो-डेविस (9) की पारी से 30/3 ही बना पाई।



साक्षी ने ओलंपिक पदक विजेता को हराया, जादुमणि भी जीते

निशियो। भारतीय मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने मंगलवार को एशियाई खेलों में महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता फिलीपींस की ऐरा विलेगास को 5-0 से हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पुरुष वर्ग में जादुमणि सिंह (55 किलोग्राम) भी आगे बढ़ने में सफल रहे। भिवानी की 26 वर्षीय मुक्केबाज साक्षी ने अपनी लंबाई और अच्छी पहुंच का फायदा उठाते हुए शुरुआत से ही विलेगास को दूर रखा और उन्हें हावी नहीं होने दिया। जादुमणि ने भी नेपाल के चंद्र बहादुर थापा पर 5-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और अंतिम 16 में जगह बनाई जहां उनका सामना फिलिपींस के तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता कार्लो पालाम से होगा।

खबर संक्षेप



जय मीणा सॉफ्ट टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

नागोया। भारत के जय मीणा मंगलवार को एशियाई खेलों में सॉफ्ट टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। जय ने ग्रुप डी में पाकिस्तान के अराइन हुसैन को 4-0 से हराया। क्वार्टर फाइनल में अब उनका मुकाबला फिलीपींस के शेरविन नुगुइट से होगा। आर्यन ठाकुर ने मंगोलिया के अल्टांगेरेल बोल्ड-एर्डेने पर 4-0 से जीत दर्ज की, लेकिन हिगाशियामा पार्क टेनिस सेंटर में चीनी ताइपे के चेन पो-यी से 0-4 से हार गए। आध्या तिवारी ने महिला एकल में पाकिस्तान की कायनात शलवानी को 4-0 से हराया।

मार्क वुड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

लंदन। वनडे और टी20 विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम के सदस्य और अपनी पीढ़ी के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक मार्क वुड ने चोटों की समस्याओं के कारण मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी।



पाकिस्तान ने जीता कांस्य, बांग्लादेश को 31 रनों से हराया

नागोया। जापान के आइची-नागोया में आयोजित हो रहे एशियाई खेल 2026 में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। मंगलवार को तीसरे स्थान के लिए कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम को 31 रनों से हरा दिया। इसके साथ पाकिस्तान ने 2023 के हांग्जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक मैच में बांग्लादेश से मिली मिली हार का बदला भी ले लिया है। पाकिस्तान ने इस तरह जीता मुकाबला पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान फातिमा सना शेख (45), सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा (31) और आलिया रियाज (25) की पारियों से 8 विकेट पर 145 रन का स्कोर खड़ा किया था।

नारूका, राइजा स्कीट निशानेबाजी के फाइनल की दौड़ में बरकरार

एजेंसी ▶▶| नागोया



भारत के शीर्ष स्कीट निशानेबाज अनंतजीत सिंह नारूका ने 100 में से 96 निशानों के साथ एशियाई खेलों के फाइनल में जगह बनाने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। वह 25-25 निशानों के चार दौर के बाद चार खिलाड़ियों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। क्वालीफिकेशन में बुधवार को होने वाला 25 निशानों के एक और दौर बचा हुआ है। नारूका आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने और पदक के लिए चुनौती पेश करने की मजबूत स्थिति में हैं। महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में राइजा ढिल्लों चार दौर के बाद 92 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर हैं। पदक स्पर्धा में अपनी जगह पक्की करने के लिए उन्हें बुधवार के अंतिम क्वालीफिकेशन दौर में अच्छा स्कोर करना होगा।

रोशिबिना ने वुशु में पदक किया पक्का, सेमीफाइनल में पहुंचीं



नागोया। रोशिबिना देवी नाओरेम ने एशियाई खेलों में मंगलवार को वुशु के महिला 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मकाऊ की चू मैन सिन को हराया। रोशिबिना को 'आइची प्रीफेक्चुरल मार्शल आर्ट्स हॉल' में मकाऊ की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अंकों के अंतर के आधार पर विजेता घोषित किया गया। इस बीच, आर्यन पुरुषों के 56 किग्रा सांडा स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के सैदुलो अबुरशितोव से 1-2 (5-0 0-5 0-5) से हार गए।

इलावेनिल-पार्थ की जोड़ी 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर



नागोया। भारतीय निशानेबाज इलावेनिल वलारिवन और पार्थ माने की जोड़ी मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में क्वालीफिकेशन की शानदार लय को बरकरार नहीं रख सकी और चौथे स्थान पर रही। इलावेनिल और पार्थ इससे पहले अपनी टीम स्पर्धाओं में रजत पदक जीत चुके थे लेकिन मिश्रित फाइनल में चीन, दक्षिण कोरिया और जापान की जोड़ियों को चुनौती पेश नहीं कर सके। भारतीय जोड़ी पूरे फाइनल के दौरान पिछड़ती रही और अंततः 376.3 अंक के साथ पदक की दौड़ से बाहर हो गई। चीन की वांग झिफेई और शेंग लिहाओ की जोड़ी ने 507.1 अंक के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।

जापान से हारकर भारतीय महिला बैडमिंटन टीम बाहर

एजेंसी ▶▶| नागोया

विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने शानदार खेल दिखाया लेकिन एकल खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण भारतीय महिला बैडमिंटन टीम मंगलवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जापान से 1-3 से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गई। भारत की तरफ से दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में 23-21, 18-21, 6-21 से हार गईं। उन्नाति हुड्डा इसके बाद 2022 की विश्व जूनियर चैंपियन और विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी से 16-21, 18-21 से हार गईं, जिससे जापान 2-0 से आगे हो गया। नयी दिल्ली में हाल ही में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा और गायत्री ने पहले युगल मैच में युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो को 21-17, 21-16 से हराकर भारत को मुकाबले में बनाए रखा।



भारत ने कोरिया को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान बरकरार रखा



नागोया। गत चैम्पियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों के ग्रुप ए के मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 63-31 से करारी शिकस्त देकर अपना दबदबा कायम रखा। यह भारत की लगातार दूसरी जीत है और टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर बनी हुई है। भारत अब बुधवार को बांग्लादेश से भिड़ेगा जबकि ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में बृहस्पतिवार को चीनी ताइपे का सामना करेगा। भारत ने खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत मेजबान जापान के खिलाफ 49-24 की शानदार जीत के साथ की थी।भारतीय महिला टीम बुधवार को ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में ईरान का सामना करेगी। उसने सोमवार को अपने पहले मैच में बांग्लादेश को हराया था। पुरुष कबड्डी में भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और मध्यांतर तक 34-14 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में भी भारत ने 29-17 से बढ़त बनाते हुए मैच अपने नाम किया। भारत ने सफल रेड से 38 अंक, 17 बोनस अंक, ऑलआउट से छह अंक और सुपर टैकल से दो अंक हासिल किए। कोरिया ने भारतीय खिलाड़ियों को आउट करके 23 अंक और बोनस से आठ अंक जुटाए।

महिला टीम ने थाईलैंड को 3-2 से हराया

भारतीय महिला टीम टेटे के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| टोयोटा

भारतीय महिला टीम ने एशियाई खेलों में टेबल टेनिस प्रतियोगिता में थाईलैंड को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की लेकिन भारतीय पुरुष टीम मंगलवार को दक्षिण कोरिया से हारकर बाहर हो गई। भारतीय महिला टीम ने यहां स्काई हॉल में थाईलैंड को 3-2 से हराया, लेकिन पुरुष टीम 0-3 से हार गई।

महिलाओं के मुकाबले में श्रीजा अकुला को थाईलैंड की ओरावन परानंग से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरा मैच भी पांच गेम तक चला जिसमें यशस्वी घोरपड़े ने अपनी प्रतिद्वंद्वी सुथासिनी सावेत्ताबुत को 3-2 से हरा कर स्कोर 1-1 कर दिया। दीया चितले को हालांकि जिन्निपा सावेत्ताबुत से हार का सामना करना पड़ा। उनकी 2-3 की हार से थाईलैंड ने एक बार फिर बढ़त कायम कर ली। यशस्वी ने चौथे मैच में परानंग पर 3-0 की शानदार जीत के साथ भारत की वापसी कराई। श्रीजा ने पांचवें मैच में वापसी करते हुए तीन गेम जीते और सुथासिनी के खिलाफ अपना मैच 3-1 से जीत कर भारत को अंतिम आठ में पहुंचा दिया।



पुरुष टीम का प्रदर्शन रहा निराशाजनक

भारतीय पुरुष टीम के लिए यह निराशाजनक प्रदर्शन रहा और टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई। हरमीत देसाई ने पहला गेम 11-8 से जीतकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन कोरिया के जांग वू-जिन से अगले तीन गेम हार गए और मैच का परिणाम 1-3 रहा। दूसरे मैच में मानुष शाह ने कड़ी टक्कर दी लेकिन ओह जुंगसुंग ने इस रोमांचक मुकाबले को 3-2 से जीत लिया। भारत को वापसी करने का दरोमदार अब मानव ठक्कर पर था लेकिन वह भी एन जे-युन की चुनौती से पार नहीं पा सके। मानव 1-3 से हार गए।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10
भिलाई (छ.ग.) फोनः 0788-2261892, 2264992
ई-मेलः recovery.durg@bankofbaroda.bank.in

अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्र.	शाखा का नाम /फोन नं.	उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम और पता	प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि
01	खुर्सीपार शाखा, दुर्ग 6232020419	श्री संजय कुकरेजा (उधारकर्ता) और श्रीमती काजल कुकरेजा (सह-उधारकर्ता) पता- मकान नं. - 507, गुरुद्वारा के पीछे, गुरुनानक नगर, सुपेला, भिलाई दुर्ग, छ.ग.- 490023	संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल परिवर्तित भूमि पर बनी रिहायशी भूमि और भवन जो खसरा नं. - 6423 (पुराना खसरा नं. - 332/36) पर स्थित है, प्लाट नं.-60, वार्ड नं. 10, एनपीएन भिलाई, मौजा-कोहका, प.ह.नं.-14/19, आरआईसी- कोहका, तहसील और जिला- दुर्ग, छ.ग. क्षेत्रफल-1500 वर्गफीट / 0.001 हेक्टेयर हैं जो श्रीमती काजल कुकरेजा पति श्री संजय कुकरेजा के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तरः 20 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः 10 फीट चौड़ी गली, पूर्वः प्लाट नं. 59, शुक्ला का प्लाट, पश्चिमः प्लाट नं. 81, चौधरी का प्लाट.	07.07.2026 रु. 33,63,575.09 + ब्याज + अन्य प्रभार 18.09.2026 सांकेतिक कब्जा

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.
दिनांकः 23.09.2026, स्थानः भिलाई, छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा



अल-नीनो ने तोड़ा तापमान का रिकॉर्ड, दुनिया में अब आएगी तबाही!

अल नीनो को लेकर वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं। अब अल-नीनो ने प्रशांत महासागर में एक नया रिकॉर्ड बना लिया है, जो ऐतिहासिक है। निनो नाम इलाके में समुद्र की सतह का औसत तापमान सामान्य से 3.05 डिग्री सेल्सियस ज्यादा तक पहुंच चुका है, जो 1991-2020 की औसत तुलना में अब तक का सबसे ज्यादा दैनिक तापमान है।

वॉशिंगटन। 2015 में नवंबर में करीब 3.02 डिग्री सेल्सियस का था, जो इस बार सितंबर में ही पहुंच गया है। सामान्य दो महीने पहले ही तापमान 3.05 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह अल-नीनो अभी भी तेज हो रहा है और दिसंबर तक अपने चरम पर पहुंच सकता है। अल-नीनो एक प्राकृतिक जलवायु घटना है। इस दौरान प्रशांत महासागर में पूर्वी और मध्य हिस्से का पानी सामान्य से ज्यादा गर्म हो जाता है, जो हवाओं में बदलाव से शुरू होता है। गर्म पानी से वाष्पीकरण बढ़ जाता है, जो पूरी दुनिया के मौसम पैटर्न को प्रभावित करता है।

दुनिया में समुद्र का तापमान पहले से बढ़ा हुआ, इसके कारण नई घटनाओं की बढ़ सकती है तीव्रता

भारत पर क्या होगा असर?

एशिया में भारत समेत कई देशों में मॉनसून कमजोर हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया में सूखा पड़ सकता है। अफ्रीका के कुछ इलाकों में भी बारिश के पैटर्न में बदलाव हो सकता है। कुल मिलाकर बाढ़, सूखा, गर्मी की लहरें और तूफान जैसी घटनाएं बढ़ सकती हैं।



क्या रिकॉर्ड बढ़ाएगा खतरा?

प्रशांत महासागर के निनो 3.4 इलाके में तापमान मापा जाता है और अल-नीनो की तीव्रता का आकलन किया जाता है। 3.05 डिग्री सेल्सियस तापमान आधुनिक रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा है। यह 1982, 1997 और 2015 जैसी मजबूत घटनाओं से आगे जा चुकी है। कुछ आंकड़ों में इसकी 1877 की ऐतिहासिक घटना से भी तुलना हो रही है। इस दौरान बड़े पैमाने पर सूखा और अकाल पड़ा था। मॉडल के मुताबिक, मासिक औसत और भी ऊपर पहुंच सकता है। कुछ अनुमानों में 4 डिग्री के करीब पहुंचने की संभावना जताई गई है, लेकिन यह अभी निश्चित नहीं है। यह रिकॉर्ड इसलिए अहम है, क्योंकि अल-नीनो जलवायु परिवर्तन के साथ मिलकर प्रभाव को बढ़ा सकता है। गर्म हो रही दुनिया में समुद्र का तापमान पहले से बढ़ा हुआ है। इसके कारण नई घटनाओं की तीव्रता बढ़ सकती है।

क्या होगा दुनिया पर प्रभाव?

दुनिया में अल-नीनो का प्रभाव अलग-अलग क्षेत्रों में अलग होता है। अमेरिका में इस सर्दी में सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ सकता है। उत्तरी इलाके में सामान्य से ज्यादा गर्मी, पश्चिमी-मध्य हिस्सों में ज्यादा बर्फबारी हो सकती है। दक्षिण अमेरिका में पेरू और चिली में भारी बारिश और बाढ़ की घटनाएं पहले से देखी जा रही है। मध्य अमेरिका और कैरेबियन में सूखा पड़ने की संभावना है।

संयुक्त परिवार

100 कमरों का घर, 39 पत्नियां, 94 बच्चे...

भारत के इस सबसे बड़े परिवार की कहानी किसी फिल्म से कम नहीं

आइजोल। आज जब संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं और लोग नौकरी, पढ़ाई या बेहतर जीवन की तलाश में अलग-अलग शहरों में बस रहे हैं, तब भारत के एक गांव में ऐसा परिवार भी है जो अब भी एक साथ रहने की मिसाल बना हुआ है। हम बात कर रहे हैं मिजोरम के बक्तावंग गांव में स्थित चाना के परिवार की, जिसे दुनिया के सबसे बड़े परिवारों में गिना जाता है। इस परिवार के सदस्यों की संख्या 40...50..100...150 नहीं, बल्कि 200 है। किसी आम परिवार की तरह यहां सिर्फ माता-पिता और बच्चे नहीं रहते थे। इस परिवार में 39 पत्नियां, 94 बच्चे, 14 बहुएं, 33 पोते-पोतियां और कई अन्य सदस्य शामिल थे। सोचिए, जिस घर में शादी-ब्याह के दौरान 30-40 मेहमानों के आने पर व्यवस्था संभालना मुश्किल हो जाता है, वहां रोजाना सैकड़ों लोग एक साथ रहते, खाते और जीवन बिताते थे। यही बात इस परिवार को दुनिया के बाकी परिवारों से अलग बनाती है।

मिजोरम के बक्तावंग गांव में स्थित चाना का परिवार दुनिया के सबसे बड़े परिवारों में गिना जाता है। इस परिवार में 200 के करीब सदस्य एक साथ रहते हैं। परिवार के मुखिया की साल 2021 में मौत हो चुकी है।

एक धार्मिक समुदाय से शुरू हुई असाधारण कहानी : इस परिवार की कहानी सिर्फ संख्या की कहानी नहीं है। इसकी शुरुआत 1942 में हुई थी, जब आंगतुआहा ने लालपा कोहरान थार नाम के धार्मिक समुदाय की स्थापना की। 1997 में पिता की मृत्यु के बाद ज़िओना चाना इस समुदाय के प्रमुख बने और उन्हें 'हप्पा' यानी नेता कहा जाने लगा। उनके नेतृत्व में यह परिवार और समुदाय दोनों तेजी से बढ़े। साल 2021 में जिओना चाना की मौत हो गई, लेकिन आज की तारीख तक ये परिवार एकजुट है और पहले जैसी ही व्यवस्था का पालन कर रहा है।

परिवार ही नहीं, खुद का इकोसिस्टम भी बनाया

इस विशाल परिवार की एक और अनोखी बात यह है कि उसने अपने लिए अलग व्यवस्था खड़ी कर ली है। परिवार अपनी जरूरत की फसल खुद उगाता है। पशुपालन करता है। फर्नीचर बनाने और एल्युमिनियम के बर्तन तैयार करने जैसे काम भी परिवार के सदस्य ही करते हैं। जिओना चाना ने अपने बच्चों के लिए स्कूल तक स्थापित किया था। स्कूल में सरकारी पाठ्यक्रम के साथ समुदाय से जुड़े विषय भी पढ़ाए जाते हैं। यही वजह है कि यह परिवार सिर्फ बड़ा नहीं है, बल्कि काफी हद तक आत्मनिर्भर भी है।



100 कमरों का ऐसा घर, जो किसी हॉस्टल से कम नहीं

बक्तावंग की पहाड़ियों के बीच बना 'कोहरान थार नाम रन' नाम का चार मंजिला मकान पहली नजर में किसी हॉस्टल या छोटे होटल जैसा लगता है। घर में करीब 100 कमरे हैं और बाहर से आने वाले मेहमानों के लिए अलग गेस्ट हाउस भी बनाया गया था। यही मकान आज मिजोरम के सबसे चर्चित पर्यटन स्थलों में शामिल है। यहां पहुंचने वाले पर्यटक अक्सर यह देखकर हैरान रह जाते हैं कि एक परिवार के लिए इतना विशाल ढांचा कैसे बनाया गया और आज भी उसका इस्तेमाल कैसे हो रहा है। दिलचस्प बात यह है कि घर के अंदर भी एक तय व्यवस्था है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बड़ी उम्र की पत्नियां ऊपर के हिस्से में रहती हैं, जबकि कुछ युवा पत्नियां निचली मंजिलों पर रहती थीं। घर के भीतर जिम्मेदारियों का ऐसा बंटवारा है कि इतनी बड़ी आबादी के बावजूद व्यवस्था बिखरती नहीं थी।



इस परिवार की रसोई ही सबसे बड़ा है अजूबा

अगर किसी घर में 10 मेहमान आ जाएं तो रसोई का बजट और मेहनत दोनों बढ़ जाते हैं। लेकिन कल्पना कीजिए उस रसोई की, जहां रोजाना दर्जनों नहीं ,बल्कि सैकड़ों लोगों के लिए खाना तैयार होता हो। परिवार के लिए रोजाना 45 से 90 किलोग्राम तक चावल, करीब 40 किलोग्राम आलू, 25 किलोग्राम सब्जियां और 20 किलोग्राम दाल इस्तेमाल की जाती है। मांसाहारी भोजन के लिए 30 से 35 मुर्गों तक की जरूरत पड़ती है। खाना बनाने के लिए बड़े एल्यूमिनियम के बर्तन, बड़े चूल्हे और टीमवर्क का सहारा लिया जाता है। घर की बहुएं खाना बनाती हैं, बेटियां सफाई और कपड़ों का काम संभालती हैं, जबकि पुरुष खेती, पशुपालन, बढ़ईगिरी और छोटे उद्योगों में लगे रहते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो यह परिवार किसी छोटे गांव की तरह आत्मनिर्भर व्यवस्था पर चलता है।

गिनीज रिकॉर्ड का मौका मिला लेकिन खुद ही मना कर दिया

एक दिलचस्प बात ये भी है कि इतने बड़े परिवार के कारण दुनिया भर का मीडिया जिओना चाना के पीछे पड़ गया था। साल 2011 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से भी सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की गई। लेकिन, बताया जाता है कि परिवार के मुखिया जिओना चाना ने प्रचार पसंद न होने की वजह से रिकॉर्ड में शामिल होने से इंकार कर दिया। इसके बावजूद वर्ल्ड रिकॉर्ड एकेडमी, वॉल स्ट्रीट जर्नल और लंदन वर्ल्ड रिकार्डस ने इस परिवार को दुनिया के सबसे बड़े परिवारों में शामिल किया।

2021 में हुई मृत्यु, लेकिन परिवार आज भी चर्चा में

13 जून 2021 को 75 वर्ष की उम्र में जिओना चाना का निधन हो गया। उस समय उन्हें डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं थीं। जिओना चाना भले ही अब इस दुनिया में नहीं हैं। लेकिन, बक्तावंग की पहाड़ियों में बना उनका 100 कमरों वाला घर आज भी आबाद है।

यू ट्यूब व्यूज के चक्कर में 9 साल के बच्चे ने फूंक डाले 1 करोड़ रुपए, दांव पर लगी पिता की नौकरी

लंदन। एक 9 साल के बच्चे ने अपने यूट्यूब चैनल पर व्यूज और सब्सक्राइबर्स बढ़ाने के चक्कर में ऐसा कारनामा कर दिया, जिसने उसके पिता को सड़क पर आने की नौबत तक पहुंचा दिया है। बच्चे ने अनजाने में अपने पिता की कंपनी के क्रेडिट कार्ड से विज्ञापनों पर 1 लाख 18 हजार डॉलर (करीब 1.13 करोड़ रुपए) खर्च कर डाले। इस पूरे मामले का खुलासा खुद बच्चे के पिता डेव ने अपने बेटे के यूट्यूब चैनल माइटी माइक प्लेज पर एक वीडियो डालकर किया है। मार्केटिंग का काम करने वाले डेव ने बताया कि उनका 9 साल का बेटा माइक माइनक्राफ्ट और रोब्लॉक्स जैसे गेम खेलकर यूट्यूब पर डालता था। जब माइक के वीडियो पर व्यूज नहीं आ रहे थे, तो डेव ने उसकी खुशी के लिए अपनी कंपनी के कार्ड से 20 डॉलर (करीब 1900 रुपए) का एक छोटा सा विज्ञापन चला दिया। पिता को यह ऐड लगाते देख माइक ने पूरा प्रोसेस ध्यान से देख लिया।



ज्यादा पैसा मतलब ज्यादा व्यूज

पिता के गूगल अकाउंट में कंपनी का कार्ड पहले से सेव था और उस पर कोई लिमिट या पैरेंटल कंट्रोल नहीं लगा था। माइक ने अपने बाल मन में सोचा कि 'ज्यादा पैसा लगाने से ज्यादा व्यूज आएंगे'। उसने खुद ही ऐड सेट किए और बिना किसी रोक-टोक के लगातार कैंपेन चला दिए।

चैनल पर लगा ब्रेक

डेव ने इस वीडियो में अपनी गलती मानते हुए कहा कि उन्हें अपने काम के अकाउंट में कंपनी का कार्ड सेव करके नहीं रखना चाहिए था और पैरेंटल कंट्रोल लगाना चाहिए था। फिलहाल डेव की नौकरी पर तलवार लटकी हुई है और उन्हें डर है कि कहीं यह करोड़ों का बिल उन्हें अपनी जेब से न भरना पड़े। इस घटना के बाद माइक के सारे गैजेट्स छीन लिए गए हैं और उसे सजा के तौर पर घर के काम करने को कहा गया है। डेव ने साफ कर दिया है कि फिलहाल माइक का गेमिंग चैनल बंद रहेगा और अगर वह कभी वापस आता भी है, तो स्ट्रिक्ट सिक्योरिटी एंड सर्विलांस के साथ ही आएगा।







सबसे खतरनाक जगह! जहां जाने वाला कभी नहीं लौटकर आता

नई दिल्ली। दुनिया में कई ऐसी जगहें, जिन्हें बेहद खतरनाक माना जाता है। इन जगहों पर जाने वाले इंसान का जिंदा लौटकर आना मुश्किल होता है। भारत में भी एक ऐसी खतरनाक जगह है। यह जगह उत्तरी सेंटिनल द्वीप है, जो समुद्र के बीच घने जंगलों से घिरा है। अंडमान-निकोबार के सेंटिनल द्वीप पर दुनिया के सबसे अलग-थलग लोग रहते हैं, जो सेंटेनलीज आदिवासी हैं। इन आदिवासियों का अभी तक आधुनिक दुनिया से संपर्क नहीं हो सका है।

इस द्वीप पर रहने वाली सेंटिनली जनजाति आज भी शिकार करके अपना पेट पालती है। इनका इतिहास रहा है कि धनुष और बाण का इस्तेमाल करके घुसपैठियों को भगाते हैं। उत्तरी सेंटिनल द्वीप पर रहने वाली सेंटेनली जनजाति दुनिया से दूर रहती है। स्थानीय प्रशासन ने जनजाति को संरक्षित करने के लिए इस द्वीप के चारों तरफ 5 किलोमीटर के इलाके को प्रतिबंधित कर रखा है।



संपर्क करना गैरकानूनी

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 2004 की सुनामी के बाद, सेंटिनलीज की जानकारी हासिल करने के लिए जब हेलीकॉप्टर भेजे गए तो उन आदिवासियों ने उन पर भी तीर चलाया था। सेंटिनल द्वीप पर जाने वाले लोगों को सेंटेनलीज आदिवासियों ने तीर से छलनी कर मार दिया। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक मिशनरी ने कुछ साल पहले आदिवासियों से चोरी-चुपके मिलने की कोशिश की, लेकिन द्वीप पर उतरते ही चाऊ नाम के मिशनरी पर आदिवासियों ने तीरों की बौछार कर दी। कबीले के लोगों ने उसकी हत्या कर दी और उन पर मुकदमा भी नहीं चलाया जा सकता। इसकी वजह यह है कि उनसे संपर्क करना गैरकानूनी है। वे एक संरक्षित जनजाति हैं। इस आदिवासी समुदाय को बचाने के लिए उत्तर सेंटिनल द्वीप लोगों के जाने पर रोक है, क्योंकि इन लोगों में सामान्य फ्लू को झेलने लायक रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास नहीं हुआ है। बाहरी लोगों के घुसपैठ के डर से उनकी आक्रामकता इस द्वीप को आम इंसानों के लिए खतरनाक साबित होते हैं।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com